तापमान

अधिकतम 24.7 डिग्री

न्यूनतम 21.8 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



तेलीपारा जाने वाली सड़क पर गड्ढा।

खबर संक्षेप

पत्रकार न्याय कल्याण महासंघ का मिलन समारोह आज

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ पत्रकार न्याय कल्याण महासंघ द्वारा 31 अक्टूबर, शनिवार को दशहरा मिलन समारोह एवं आवश्यक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 12. 30 बजे सर्किट हाउस मुंगेली नाका में होगी। इस अवसर पर महासंघ के सदस्य आपस में दशहरा पर्व की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करेंगे। साथ ही पत्रकारों के हितों, कल्याण एवं संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। महासंघ की ओर से वरिष्ठ पत्रकार तिलक राज सलूजा एवं हरिकिशन गंगवानी ने समस्त सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर दशहरा मिलन समारोह एवं आवश्यक बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

हिंदी आशुलिपि पर व्याख्यान आज

बिलासपुर। हिंदी आशुलिपि पर सहस्त्र अकादमी उसलापुर में 1 नवंबर को सुबह 10.30 बजे से एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसके मुख्य वक्ता दुर्ग के जगमोहन सिन्हा व रायपुर के राजेश पाण्डेय होंगे। इस कार्यशाला में बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला, पेन्ड्रा, मरवाही, बिल्हा, कोरबा, रायगढ़, घरघोड़ा, सारंगढ़, पामगढ़, जांजगीर चांपा, कोटा आईटीआई सहित पूरे संभाग के आशुलिपि हिंदी प्रशिक्षक शामिल होंगे।

अभियोजन पक्ष हत्या की साजिश की कड़ियों को जोड़ने में सफल ही नहीं हो सका

संजू त्रिपाठी हत्याकांड : मुख्य आरोपी कपिल सहित सभी 22 आरोपी बरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया



शहर के बहुचर्चित संजू त्रिपाठी हत्याकांड में जिला एवं सत्र न्यायालय ने सभी 22 आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया है। अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया। पुलिस ने इस मामले में संजू के भाई कपिल त्रिपाठी को मुख्य आरोपी बताते हुए संपत्ति विवाद और पुरानी रंजिश को हत्या की साजिश की वजह बताया था। हालांकि, सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ आरोप साबित नहीं कर सका। इसके साथ ही अभियोजन पक्ष की ओर से पेश किए गए सभी स्वतंत्र गवाब पलट गए, जिसका लाभ आरोपी पक्ष को मिला। पुलिस की गवाही को कोर्ट ने मान्य ही नहीं किया। इसके साथ ही पुलिस और अभियोजन पक्ष हत्या की साजिश की कड़ियों को जोड़ने में सफल नहीं हो सका।

गौरतलब है कि 14 दिसंबर 2022 को कुदूदंड निवासी संजू त्रिपाठी की सकरी बायपास के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के समय वह अपनी कार में सवार था। हमलावरों ने दिनदहाड़े उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं और फरार हो गए। इस घटना से शहर में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने जांच के दौरान उत्तर प्रदेश के शूटरों और स्थानीय लोगों की भूमिका सामने आने का दावा किया था।

प्रार्थी के साथ ही चश्मदीद गवाह पलटे

मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की गवाही महत्वपूर्ण मोड़ पर कमजोर पड़ गई। पुलिस ने दो प्रमुख चश्मदीद गवाह बनाए थे। इनमें से एक की अदालत में गवाही दर्ज नहीं हो सकी, जबकि दूसरा गवाह अपने पूर्व बयानों से मुकर गया। गवाह मोहम्मद सरफराज जो कि पंचर दुकान वाला था उसकी गवाही नहीं हुई जबकि दूसरा पान दुकान चलाने वाले मनोज साहू ने कह दिया कि उसके सामने कोई ऐसी घटना हुई ही नहीं है। मामले में प्रार्थी बनी संजू त्रिपाठी की पत्नी श्रीमती किरण बाला त्रिपाठी ने भी कोर्ट में पुलिस की जांच का समर्थन नहीं किया। इसके साथ ही पुलिस ने श्रीमती त्रिपाठी का बयान तीन बार लिया जिसमें उन्होंने अज्ञात आरोपी की बात कही और एक बार संजू त्रिपाठी पर हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया। कोर्ट ने बयान को संदिग्ध माना।

24 लोगों के खिलाफ चालान, 65 गवाह बनाए गए

पुलिस ने मामले में जो चालान पेश किया उसमें बताया कि संजू त्रिपाठी की हत्या की साजिश उनके भाई कपिल त्रिपाठी ने रची थी। उसने उत्तर प्रदेश के शूटरों को हत्या की सुपारी दी थी। इसमें पुलिस ने 24 लोगों के खिलाफ चालान पेश किया था। इसमें से 2 अभी भी फरार है। अब 22 लोगों को कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया है। पुलिस ने मामले में कुल 65 गवाह बनाए थे। इसमें 22 पुलिस वाले तो 37 स्वतंत्र गवाह थे। इनमें से कुल 59 लोगों की गवाही कोर्ट में कराई गई। अधिकांश गवाहों ने पुलिस की जांच अभियोजन पक्ष का समर्थन नहीं किया।

इन मामलों में कमजोर पड़ा अभियोजन

इसके अलावा आरोपियों को हत्या से जोड़ने वाले तकनीकी, फॉरेंसिक और परिस्थितिजन्य साक्ष्य भी आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं पाए गए। पुलिस यह साबित नहीं कर सकी की यूपी से जो शूटर आए थे उनसे कभी कपिल त्रिपाठी की बात भी हुई है। दूसरे आरोपियों से भी पुलिस कपिल का लिंक नहीं जोड़ सकी। इसके साथ ही पुलिस ने यूपी से शूटर बुलाने और पैसे देने के मामले में कपिल पर आरोप लगाया था लेकिन इस संबंध में कोई भी साक्ष्य पुलिस पेश नहीं कर सकी। साथ ही अभियोजन पक्ष साइबर एविडेंस प्रमाणित नहीं कर सका। सबसे बड़ी बात की हत्या के 15 घंटे बाद तक डेथ सर्टिफिकेट नहीं बना था और बिना इसके पुलिस ने मृत घोषित कर दिया।

फार्म हाउस में हत्या की प्लानिंग साबित नहीं

इसके अलावा अभियोजन पक्ष कोर्ट में मेडिकल जांच रिपोर्ट तक पेश नहीं कर सका। इसके अलावा कार में चलाई गई गोलियों और मृतक की बाडी में मिले बुलेट का मिलान नहीं हुआ। जबकि पुलिस की जांच में कहा गया था कि कपिल त्रिपाठी ने अपने पास तीन पिस्टल और करीब 20 कारतूस रखे थे। इसी दौरान शूटरों के साथ मिलकर संजू की हत्या की साजिश रची गई। 14 दिसंबर 2022 को सभी लोग अलग-अलग चार गाड़ियों में सवार होकर कपिल त्रिपाठी के फार्म हाउस से सकरी बाइपास के लिए निकल गए। प्रसीन गुप्ता सफेद रंग की कार में सवार था, जिसमें भरत तिवारी, आशीष तिवारी और राजेंद्र ठाकुर बैठे थे। नीले रंग की पुरानी बलेनो कार विनय द्विवेदी उर्फ गुरुजी चला रहा था। इसमें शूटर दानिश, पप्पू दाढ़ी और एजाज उर्फ सोनू कट्टा-कारतूस से लैस होकर बैठे थे। सभी लोग सकरी बाइपास पर संजू त्रिपाठी की हत्या करने के इंतजार में थे। शाम करीब 4:10 बजे सफेद रंग की एमजी हेक्टर आई तो प्लानिंग के मुताबिक प्रसीन ने स्पीड ब्रेकर के आगे अपनी कार उसकी गाड़ी के सामने अड़ाकर रोक दी। इतने में बलेनो कार में सवार बदमाश उतरकर आए और संजू की गाड़ी को घेर लिया। गाड़ी के राइट साइड से ड्राइवर सीट पर बैठे संजू पर दानिश अंसारी ने गोली चलाकर हत्या कर दी। जांच में 6-7 राउंड फायरिंग की बात सामने आई थी। पुलिस इस पूरी कहानी को साबित ही नहीं कर सकी।

यह हुए बरी

- जय नारायण त्रिपाठी
- अमन गुप्ता उर्फ सोनू
- कल्याणी तिवारी
- सुमित्रा त्रिपाठी
- कपिल त्रिपाठी
- प्रेम उर्फ बजरंग श्रीवास
- सुमित निर्मलकर
- भरत तिवारी
- आशीष तिवारी
- रवि उर्फ ईश्वर प्रसाद तिवारी
- राजेंद्र कुमार ठाकुर
- केदार सिंह ठाकुर
- रमेश राजपूत
- सावन पाठक
- मोनू उर्फ अभिषेक मिश्रा
- युसुफ हुसैन
- अजाज उर्फ राजू अंसारी
- प्रशिन गुप्ता
- रवि सिंह राजपूत

पैतृक संपत्ति का विवाद साबित ही नहीं

पुलिस जांच में संजू और उसके भाई कपिल त्रिपाठी के बीच संपत्ति के बंटवारे और वर्चस्व को लेकर विवाद की बात सामने आई थी। इसी रंजिश को हत्या की साजिश की वजह मानते हुए पुलिस ने कपिल को मुख्य आरोपी बनाया। मामले में जांच के बाद कुल 22 आरोपियों के खिलाफ चालान पेश किया गया था। हालांकि अभियोजन पक्ष इस संबंध में कोई दस्तावेज या गवाह पेश नहीं कर सका। दूसरी ओर बचाव पक्ष यह साबित करने में कामयाब हुआ कि दोनों भाइयों के साथ ही उनके पिता जयनारायण त्रिपाठी के नाम पर कोई जमीन ही नहीं थी तो पैतृक संपत्ति के विवाद का प्रश्न ही नहीं उठता।

एसईसीएल के रिटायर्ड जीएम से 66 लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- ट्रेडिंग के बहाने फंसाया, कई किश्तों में बैंक से ट्रांसफर हुआ रूपया, पुलिस ने दर्ज किया मामला
- इंस्टाग्राम में हुई थी लड़की से मुलाकात।

साइबर ठगों ने एसईसीएल के रिटायर डिप्टी जीएम को शिकार बना, 66 लाख रूपए की ठगी को अंजाम दिया है। अधिकारी को यूएस मार्केट में मुनाफा कमाने का झांसा देकर ठगी की गई है। तारबहार स्थित साइबर थाने में प्रार्थी ने शिकायत दर्ज कराई है, पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

अशोक नगर बिरकोना रोड निवासी कुलदीप सिंह ठाकुर पिता जेएस ठाकुर उम्र 63 वर्ष एसईसीएल के डिप्टी जीएम के पद से रिटायर हो चुके हैं। विद्युत यांत्रिकी विभाग से नवंबर 2022 में रिटायर होने के बाद वे खाली समय में सोशल नेटवर्किंग साइट पर एक्टिव थे, इस दौरान जून 2026 को इंस्टाग्राम आईडी ठाकुर सुप्रीती से उनकी मुलाकात तनिशा ठाकुर पिता निरंजन सिंह से हुई। इस दौरान जान-पहचान के माध्यम से मोबाईल नंबर 94241 40506 पर लगातार वाट्सएप चैटिंग होती रही है। इस दौरान तनिशा ने बताया कि वह आगरा में रहने वाली है और गुरूग्राम के डाइलोइट नामक कंपनी में फायनेंस मैनेजर है। इस दौरान शिकायतकर्ता के साथ व्हाट्सअप के माध्यम से फोटो भी साझा की गई। बातचीत के क्रम में शिकायतकर्ता ने उसे बताया कि शेयर और म्युच्वल फंड उसका नुकसान हो चुका है, जिस पर तनिशा ठाकुर ने यूएस मार्केट में ट्रेडिंग करने का झांसा दिया और भारतीय मार्केट से कई गुना ज्यादा मुनाफा कमाने की बात कही, जिस पर थिंक मार्केट ग्लोबल ट्रैड एप डाउनलोड कराया गया और ट्रेडिंग की गई। रिटायर्ड अधिकारी ने अपने बैंक अकाउंट से आरटीजीएस के माध्यम से 17 लाख, 10 लाख, 10 लाख, 10 लाख, 4 लाख, 10 लाख और 15 लाख रूपए की राशि ट्रांसफर कराई गई। इस दौरान शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 66 लाख की राशि ट्रांसफर की गई। इसके बाद शिकायतकर्ता ने लाभांश की धनराशि देने की बात की, जिसपर ठगों ने उसे टैक्स के रूपए में और राशि जमा करने के लिए कहा, इसी से उन्हें ठगी का एहसास हुआ। पुलिस ने ट्रैडिंग प्लेटफार्म के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।

दिल्ली में हुई थी मुलाकात

बताया जा रहा है कि इंस्टाग्राम में मुलाकात होने के बाद शिकायतकर्ता ने गुरूग्राम दिल्ली पहुंचकर युवती से मुलाकात की थी, इस दौरान उन्हें अपने साथ ठगी होने का एहसास नहीं हुआ था, यही कारण है कि महज 4 माह में ही ट्रैडिंग एम के जरिए 66 लाख रूपए ट्रांसफर किया गया है।

कारीडोंगरी में बाघिन ने किया दो हिरणों का शिकार





वन विभाग ने किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खुड़िया रेंज के कारीडोंगरी में एक बाघिन ने दो हिरणों का शिकार किया है। इसकी सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने पूरे क्षेत्र में अलर्ट कराने के साथ खोजबीन शुरु कर दी है।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम लोरमी क्षेत्र के खुड़िया वन परिक्षेत्र में कारीडोंगरी के पास पेट्रोलिंग करने वाले स्टाफ एक बाघिन का पग मार्क देखा। इसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी गई। वहीं शाम को कारीडोंगरी से लगे कक्ष क्रमांक 494/95 के क्षेत्र में दो हिरण को मृत अवस्था में देखा गया, जिसके कारण बाघिन के हिरणों का शिकार करने की आशंका जताई गई। पग मार्क और शिकार हुए हिरणों की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग के अफसरों ने स्टाफ को तत्काल निगरानी करने का आदेश जारी कर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए लोरमी के उप वनमंडलाधिकारी दशहंस सूर्यवंशी ने बताया कि कक्ष क्रमांक 494/95 में हिरणों का शिकार होने के साथ बाघिन के पग मार्क भी मिले हैं। स्टाफ ने देर रात और सुबह से दोपहर तक बाघिन की तलाश की, लेकिन बाघिन संभवतः अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

फिलहाल बाघिन की सूचना और पग मार्क मिलने के कारण पूरे एरिया में अलर्ट जारी किया गया है। ग्रामीणों को अकेले जंगल की ओर नहीं जाने की सलाह भी दी जा रही है, ताकि किसी तरह की दुर्घटना न हो सके। वहीं बाघिन के पग मार्क या किसी तरह के अंदेशा होने पर तत्काल विभागीय स्टाफ एवं अधिकारियों को भी सूचित करें।

हाथियों के भय से बच्चों को लेकर भागा परिवार

बिलासपुर। हाथियों ने मरवाही वन मंडल में प्रवेश करने के बाद फसल बरबाद करने के साथ घर को भी तोड़ना शुरु कर दिया है। इस डर से एक परिवार अपने घर की ओर हाथियों को आते देख बच्चों को लेकर तत्काल वहां से भागकर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गया, जिसके जाने के बाद हाथियों ने उसके घर को तहस नहस कर दिया।

पसान के बाद 52 हाथियों का दल मरवाही, पेण्ड्रा वन मंडल के क्षेत्र में पहुंच गया है। इस दौरान हाथियों के दल में एक मादा हाथी ने एक शावक को भी जन्म दिया है, जिसके बाद संख्या 52 से बढ़कर 53 हो गई है। हाथियों का दल लगातार ग्रामीणों की फसल को बरबाद करने के साथ सामने आ रहे लोगों को घायल कर रहा है, जिसके कारण वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ग्रामीणों को अलर्ट करने के साथ सामने नहीं जाने की अपील कर रहे हैं। शुक्रवार की सुबह हाथियों ने बहरी झोरकी गांव में ग्रामीण राम सिंह के मकान पर हमला कर दिया। हाथी सीधे राम सिंह के घर में घुसने के बाद आनाज को बिखेरा और घरेलू सामान को तोड़ दिया। खेतों में खड़ी फसल नष्ट करने के अलावा एक मवेशी को गंभीर रूप से घायल किया। इस समय राम सिंह का परिवार घर के अंदर मौजूद था। हाथियों को अचानक देखकर परिवार ने चिखना चिल्लाना शुरु कर दिया। सामने हाथियों को देखकर परिजन ने अपने बच्चों को लिया और घर से बाहर की ओर भागकर अपनी जान बचाई। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार के साथ पूरा ग्रामीण एरिया काफी भयभीत है। क्षेत्र में तीन अलग-अलग हाथी दल मौजूद हैं, जिसके कारण ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। हाथियों की आवाजाही से लोग खेतों में नहीं जा पा रहे हैं। वहीं रात को घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीण नुकसान के सटीक आंकलन की मांग करने लगे हैं।





भाजपा की लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा आज

बिलासपुर। भाजपा जिला बिलासपुर द्वारा 31 अक्टूबर शनिवार को दोपहर 2 बजे केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय डॉ.विरेन्द्र सिंह खटीक के नेतृत्व में लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा निकाली जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने बताया कि रैली में केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय डॉ.विरेन्द्र सिंह खटीक, केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय सहित बिलासपुर जिले के समस्त 6 विधानसभा के भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहेंगे। यह रैली गांधी चौक स्थित गव्हरमेंट स्कूल से प्रारंभ होकर जूना बिलासपुर, हटरी चैक, सिटी कोतवाली चैक, सदर बाजार, गोलबाजार, करोना चौक, सिम्स चौराहा, पं.देवकीनंदन चौक होते हुए नेहरू चौक तक जाएगी। यहां रैली सभा के रूप में परिणत हो जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने आमजनों को 31 अक्टूबर शनिवार को दोपहर 2 बजे गांधी चौक स्थित गव्हरमेंट स्कूल में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

डिप्टी सीएम ने दिया दखल कोलकाता की फ्लाइट होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- राज्य सरकार ने एयरलाइन्स कंपनी को दिया निर्देश

विंटर शेड्यूल की कोलकाता फ्लाइट बंद होने की खबर फैलते ही राज्य सरकार ने संज्ञान लिया है। डिप्टी सीएम अरूण साव की पहल पर एक बार फि कोलकाता की फ्लाइट दोबारा शुरू की जाएगी। दरअसल हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति ने गुरूवार को उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विधायक धरमलाल कौशिक और अमर अग्रवाल से चर्चा कर मामले में दखल देने की मांग की थी। जिसपर अधिकारियों से चर्चा कर डिप्टी सीएम ने जल्द से जल्द फ्लाइट शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

अब अलाइंस एयर को पत्र मिलने के बाद आवश्यक अनुमति के लिए डीजीसीए और कोलकाता एयरपोर्ट से पत्राचार कर दोबारा परिचालन शुरू किया जाएगा। गौरतलब है कि राज्य शासन के फ्लाइट बंद करने के निर्देश पर परिचालन की अनुमतियां को अलाइंस एयर ने सरेंडर कर दिया था। एयरलाइन कंपनी के पदाधिकारियों का कहना है कि अनुमति लेकर जल्दी से जल्दी उड़ान शुरू किया जाएगा। संभवतः रविवार से फ्लाइट शुरू हो सकती है, लेकिन इतने कम समय में फ्लाइट के लिए यात्री मिलना मुश्किल होगा। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने इस फैसले के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव समेत विधायकों का आभार व्यक्त किया है।

CREDAI
CREDAI CELEBRATES BILASPUR

CREDAI
प्रॉपर्टी एक्सपो का
भव्य शुभारंभ

CREDAI BILASPUR
PROPERTY EXPO 2026

रजिस्ट्री पर
50%
की भारी छूट

31 अक्टूबर एवं
01 02 नवंबर 2026

Kundan Palace
Shrikant Verma Marg

KIDS PLAY ZONE

FOOD ZONE

Presented by
DCT REAL ESTATE DEVELOPERS

40+
TRUSTED BUILDERS

50+
RESIDENTIAL & COMMERCIAL PROPERTIES

* T&C Apply



Powered by ORA MAKERS — Own your real asset.
Co-powered by ACM Readymix
Co-powered by AQUAPLAST
Co-powered by FORTUNE ELEMENTS BILASPUR
Bathing & Lighting Partner Jaquar GROUP complete bathroom & lighting solutions
Banking Partner SBI

PARTICIPATING MEMBERS

ARPA GREENS ROYAL — VRINDAVAN BUILDCON
SOLITAIRE — Rarity isn't built. It's sculpted
Vijaya श्री Heritage
AADHARSHILA BUILDERS PVT. LTD.
Aashiyana
FORTUNE CITY
DHEERAA SKYLLA — DREAM BIG, LIVE WELL
DIVINE HEIGHTS
Amba Green — CELEBRATING LIFE
SWARNIMA ERA — Add more to life
ASA
S. K. BUILDERS & COLONIZERS
SHRI GANESH ORCHID
HARSH PROJECTS — Rise with us... S.K. BUILDERS & DEVELOPERS
RAJ CONSTRUCTION
Sunflower Housing Pvt. Ltd.
Diwan Construction (A Vidhani Group Venture)
Anant Greens
bda BDA GROUP
vision vistara — REAL ESTATE, REDEFINED
NIRVANA HOMES — SIGNATURE VILLA PLOTS
KD CONSTRUCTION
GK Meghanamlam
ALASKA HOMES — Top of Nature
UB WORLD
USHA VALLEY
POOJA RESIDENCY
CLASSIC GROUP
ATLANTIC IMPERIAL TOWER
CITYWALK — ONE WALK BRINGS IT ALL
DRS High Street
SHREE SHIDDHIVINAYAK INFRA BUILD SSV
AMBIENCE NATURE — LIMITED EDITION PLOTS & VILLAS
GK GROUP
AVIRAL DEVELOPERS
बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
360 CONSTRUCTION SOLUTION
BHANLAXMI ACP WORKS
समृद्धि sanskriti GREENS

CALL FOR ENQUIRY: +91 7898032660, 9770770000

Concept & Design @ AdPRAYAS

हरिभूमि

बिलासपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



जागरूकता

एनएसएस साइंस कॉलेज के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ



बिलासपुर। शासकीय ई राघवेंद्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ग्राम लगरा में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम लगरा के सरपंच प्रतिनिधि मुखीराम बिरजे उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्य आई बी ठाकुर, प्रधानपाठक संजय कुमार वर्मा, संकुल प्रभारी अतिकांत राही एवं एनएसएस डॉ शशिकांत राठौर तथा डॉ. उषा राठौर उपस्थित रहे। आई. बी. ठाकुर ने उद्बोधन में स्वयंसेवकों का स्वागत करते हुए समाज सेवा एवं अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. शशिकांत राठौर ने शिविर के उद्देश्यों एवं सात दिवसीय गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता एवं सेवा भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। वहीं डॉ. उषा राठौर ने स्वयंसेवकों को शिविर की गतिविधियों में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि मुखीराम बिरजे ने शिविर की सराहना करते हुए इसके सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम

आरएसएस का पथसंचलन : राष्ट्र हित के साथ धर्म रक्षा महत्वपूर्ण



बिलासपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मंगल पाण्डेय उपनगर अज्ञेय नगर एवं तारामण्डल शाखा के विजयादशमी उत्सव का पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन शुक्रवार को भारतीय नगर माधो तालाब,से मुख्य मार्ग से 25 बंगला कॉलोनी, प्रियदर्शिनी नगर होते हुए अज्ञेय नगर पार्क में सम्पन्न हुआ। जिसमें क्रान्ति नगर व विद्या नगर शाखा के भी स्वयंसेवक सम्मिलित हुए, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक गणेश साहू का पाथेय प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष वन्देमातरम मित्र मण्डल महेन्द्र जैन थे, मंच पर मंगल पांडे, उदय बहादुर सिंह भी आसीन थे। मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में राष्ट्र हित के साथ धर्म रक्षा अति महत्वपूर्ण है, जहाँ धर्म से पृथक होना पतन का कारण है। मन्दिरों में, धार्मिक कथा, पूजा, अध्यात्मिक कार्यक्रम हो वहाँ धर्म की जय हो शब्द उच्चारण होता ही है, का आशय केवल धर्म का आचरण सर्वोपरि है, धर्म की रक्षा यदि होगी तभी हम सुरक्षित रह सकेंगे।

आयोजन

साइबर जागरूकता के माध्यम से बच्चों को किया अवेयर



बिलासपुर। सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत विधिक सेवा प्राधिकरण एवं साइबर सेल के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता सुरक्षा और संरक्षण हर बच्चों का अधिकार एवं हर बच्चों का बचपन हमारी जिम्मेदारी के अंतर्गत सेजस लाल बहादुर शास्त्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उक्त कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से सविता सिंह ठाकुर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं मंजूषा टोप्पो न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं कनिका यादव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी उपस्थित रहे। साइबर सेल से शकुंतला साहू, सतीश भारद्वाज और विकास राम उपस्थित रहे। शकुंतला साहू साइबर ने वर्तमान समय में नई तकनीक के उपयोग में युवा बच्चे के द्वारा मोबाइल का प्रयोग अपने दैनिक जीवन में किया जाता है, जिसमें बहुत सारे अपराध अनजाने में इसके अंतर्गत होते हैं। कार्यक्रम में बीके चौकसे, प्राचार्य जीपी उपाध्याय, शैलेश शर्मा,पीयूष पांडे, मुकेश सिंह, रंजना पांडे, शशि मिश्रा, लता जायसवाल, उत्तम जायसवाल आदि उपस्थित थे।

स्पोर्ट्स

नेशनल तीरंदाजी टूर्नामेंट में नीतिश का चयन

बिलासपुर। राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता सीवी रमन विश्वविद्यालय में 17 अक्टूबर को आयोजित की गई थी, जिसमें प्रदेश के सभी जिले के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें छत्तीसगढ़ के चार टॉप खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिसमें बिलासपुर का तीरंदाज नीतीश रत्नेश का भी चयन राष्ट्रीय चैंपियनशिप मेघालय शिलांग में होने वाले प्रतियोगिता के लिए हुआ है। नीतीश रत्नेश संभाग के एकमात्र युवा खिलाड़ी हैं, जो शिलांग मेघालय में होने वाली प्रतियोगिता के लिए 8 नवम्बर को बिलासपुर से हावड़ा के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस हवाई टर्मिनल से गुवाहाटी के लिए रवाना होंगे। गुवाहाटी में भारत के सभी राज्यों से टॉप खिलाड़ियों की प्रतियोगिता 12 से 18 नवम्बर तक आयोजित की जाएगी। नीतिश रत्नेश खेल परिसर सरकंडा में कोच मनमोहन पटेल, करण कश्यप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और होली क्रॉस सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल लाल खदान बिलासपुर में कक्षा ग्यारहवीं का छात्र हैं। नीतीश रत्नेश इसके पूर्व में भी कई नेशनल लेवल की मैच खेल चुके हैं और राज्य स्तरीय में अपने नाम कई मेडल प्राप्त कर बिलासपुर जिले एवं छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है।



डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स, अर्पित ने तैराकी में 5 पदक जीते

दिल्ली में आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2026-27 में बिलासपुर के छात्र ने तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर और विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया है। डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल बसंत विहार बिलासपुर में कक्षा 12 वीं के छात्र अर्पित धारा ने दिल्ली में 24 से 27 अक्टूबर तक आयोजित डीएवी नेशनल गेम्स में हिस्सा लिया। अर्पित ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए तैराकी में 5 पदक अपने नाम कर इतिहास रच दिया। अर्पित एसईसीएल कर्मी अविचल धारा के पुत्र एवं अधिवक्ता देवाशीष धारा के भतीजे हैं।

दीपावली के लिए मिट्टी के बर्तनों के सजे बाजार

दीपावली त्योहार को लेकर मिट्टी के दीए, बर्तन और मूर्तियों का बाजार सज गया है। शहर के बाजारों में आसपास के गांवों से कुम्हार मिट्टी के दीए लेकर पहुंचने लगे हैं। शनिचरी, गोलबाजर पर त्योहार को लेकर क्षेत्र के कुम्हार दीये, कलश, लक्ष्मी पूजा के अन्य बर्तन, लक्ष्मी और गणेश जी की मूर्तियां के स्टॉल सजा लिए हैं। दीपावली का त्योहार अब दो सप्ताह शेष रह गया है। ऐसे में क्षेत्र के कई गांवों में कुम्हार परिवार दिन-रात दीपक तैयार करने जुटे हुए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कुम्हारों का कहना है कि दीपावली नजदीक आते ही मिट्टी के दीयों की मांग बढ़ जाती है। इसलिए वे एक महीने पहले से ही तैयारी शुरू कर देते हैं। दीपावली पर घरों, मंदिरों और प्रतिष्ठानों में दीपक जलाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। दीवाली पर मिट्टी के दीए जलाकर लोग अपने घरों को रोशन करते हैं।

मिट्टी के दीपक भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रतीक होने के साथ ही स्थानीय कुम्हारों की आजीविका का भी साधन भी हैं। रोशनी के महापर्व दीपावली को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। इस बार दीपावली पर घर-आंगन को पारंपरिक और आधुनिक लुक देने के लिए स्थानीय कुम्हारों ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मिट्टी के पारंपरिक दीयों के साथ-साथ इस साल बाजार में नए-नए डिजाइन के आकर्षक और फैंसी दीए ग्राहकों को लुभाने के लिए तैयार हैं। कुम्हारों के चाक इन दिनों दिन-रात घूम रहे हैं ताकि समय पर मांग को पूरा किया जा सके।





आकर्षक और फैंसी दीयों की भारी मांग

कुम्भकार मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि इस साल केवल साधारण दीए ही नहीं, बल्कि कई तरह के फैंसी और कलात्मक दीए भी तैयार किए हैं। डिजाइनर दीए में कमल और गुलाब के फूल की आकृतियों वाले दीए रंगोली के बीच में रखने के लिए खूब खरीदे जा रहे हैं। फ्लोटिंग और वैक्स दीए, जिसमें मिट्टी के दीयों के भीतर पहले से ही कलरफुल मोम और बाती लगे दीए भी बाजार में हैं, जिन्हें तेल डालने की जरूरत नहीं होती। इनमें जादुई और अखंड दीए ऐसे दीए जिनमें एक बार तेल डालने पर वे लंबे समय तक लगातार जलते रहते हैं। डिजाइनर स्टैंड दीए यह दीए बहुमंजिला और स्टैंड वाले दीए जो रंग-बिरंगे रंगों से सजे हैं। मिट्टी के लैंप और लालटेन घर के मुख्य द्वारों और बालकनी को सजाने के लिए विशेष रूप से बनाए गए मिट्टी के लैंप और लालटेन की भी खास मांग हो रही है।

लक्ष्मी-गणेश जी की मूर्तियों की डिमांड

पारंपरिक छोटे दीए यह दीए सबसे ज्यादा बिकते हैं। इस साल यह बाजार में 80 से 100 प्रति सैकड़ा तक बिक रहा है। वहीं 10 से 15 के एक दर्जन 12 पीस के भाव में बिक रहे हैं। लक्ष्मी पूजा के विशेष बड़े दीए चौमुखी और बड़े आकार के पूजा दीए आकार के अनुसार 10 से 30 प्रति पीस तक मिल रहे हैं। कलरफुल और हैंड-पेंटेड दीए पानी आधारित चमकीले रंगों और नक्काशी से राजे दीयों की कीमत 5 से 15 प्रति पीस तक है। भट्टी में विशेष रूप से ढले हुए जादुई दीए और मल्टी-लेयर स्टैंड वाले दीए 40 से 120 प्रति पीस की रेंज में उपलब्ध हैं। मिट्टी की लालटेन और लैंपः घर के मुख्य द्वार पर टांगने वाले फैंसी मिट्टी के लैंप 80 से 250 मिल रहा है।

आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना नवाचार से ही संभव

बिलासपुर। डीपी विप्र महाविद्यालय में साइनेक्स मिलेनियम समारोह अंतिम दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक धरमलाल कौशिक, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष हर्षिता पांडेय, राजकुमार अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य, प्रशासन समिति डॉ एमएस तंबोली जी प्राचार्य, डॉ निधीश चैबे, साइनेक्स मिलेनियम प्रभारी,अविनाश सेठी, एलुमिनी कमेटी के अध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति रही। धरमलाल कौशिक ने कहा कि क्रियटिव छात्रों की सोच को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। भारत को आगे बढ़ाने तथा आत्म-निर्भर भारत की कल्पना नवाचार से ही संभव है। विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में हो रहे बदलावों के अनुरूप युवाओं को स्वयं को तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा,परिश्रम और सकारात्मक सोच के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र के विकास में योगदान देना चाहिए। राजकुमार अग्रवाल ने तुलसीदास और कालीदास को याद करते हुए कहा कि सामान्य दिखने वाले लोगों में अद्भुत क्षमता होती है। महाविद्यालय का प्रथम लक्ष्य छात्रों का व्यक्तित्व विकास करना होता है और महाविद्यालय इस पर निरंतर कार्य कर रही है।



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम.एस. तंबोली ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान क्षमता एवं नवाचार की भावना विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन डॉ ऋचा हाण्डा एवं आभार प्रदर्शन डॉ दीपक कश्यप ने किया। इस अवसर पर डॉ मनीष तिवारी, गोविंद सेठी, जीतू ठाकुर, शिवा गेंदले, विनय अग्रवाल, निलेश माडेवार, टिकेश प्रताप सिंह, चित्रकांत निडरवार, विकास सिंह ठाकुर छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



घर में तनाव नहीं, खुशियां लेकर जाएं

बिलासपुर। पुलिस अधिकारी अपनी ड्यूटी के दौरान समाज की सुरक्षा, कानून व्यवस्था संबंधी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करते हैं। इन जिम्मेदारियों के बीच अपने परिवार के प्रति समय और भावनात्मक जुड़ाव बनाए रखना भी आवश्यक है। परिवार के साथ बिताया गया क्वालिटी टाइम न केवल रिश्तों में प्रेम और विश्वास बढ़ाता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम कर व्यक्ति को संतुष्ट और प्रसन्न भी बनाता है।

ये बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर के मुख्य सेवाकेन्द्र टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने बिलासपुर रेंज पुलिस विभाग की रेंज स्तरीय रिफ्रेशर कोर्स के अंतर्गत पुलिस अधिकारियों के लिए तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर आयोजित छठवें बैच की कार्यशाला में कही। उन्होंने कहा कि पुलिस की नौकरी सामान्य नौकरी से अलग है। इसमें अनिश्चित कार्य समय, आपातकालीन परिस्थितियां, अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और जनता की अपेक्षाओं के कारण कई बार अधिकारी अपने परिवार को पर्याप्त समय नहीं दे पाते हैं। कभी-कभी शारीरिक रूप से घर पहुंचने के बाद भी उनका मन ड्यूटी की घटनाओं और कार्य संबंधी चिंता में उलझे रहता है। रिफ्रेशर कोर्स के सभी बैचों का संचालन पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन और दिशा-निर्देशन में निरंतर किया जा रहा है। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संतोषी दीदी एवं डॉ कमल छाबड़ा भाई का विशेष सहयोग रहा।

नशा मुक्ति की ली शपथ

स्वाति दीदी ने नशे से होने वाले व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक नुकसान पर प्रकाश डाला और कहा कि नशा न केवल इंसान की निर्णय क्षमता को खत्म करता है, बल्कि अच्छे-भले हंसते-खेलते परिवार को बर्बादी की कगार पर खड़ा कर देता है। तनाव से मुक्ति पाने के लिए नशे का सहारा लेना एक गंभीर भूल है, जबकि राजयोग और सकारात्मक सोच ही इसका असली समाधान है। कार्यशाला में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों को जीवन भर नशा मुक्त रहने और अपने समाज व विभाग को नशा मुक्त बनाने के लिए 'नशा मुक्ति की शपथ' दिलाई गई।

तनाव न लेकर आएं घर

स्वाति दीदी ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जब आप घर लौटें, तो दफ्तर या फील्ड के तनाव को दरवाजे के बाहर ही छोड़ दें। ड्यूटी का तनाव घर न लेकर आएं। परिवार के साथ बिताया गया समय घड़ी की सुइयों से नहीं, बल्कि उनके व्यवहार और ध्यान से मापा जाता है। भले ही उन्हें दिन में आधा घंटा मिले, लेकिन उस दौरान पूरी तरह मानसिक रूप से अपने बच्चों और जीवन साथी के साथ मौजूद रहे।

57 बार रक्तदान, 2010 में किया देहदान का संकल्प

बिलासपुर। जिंदगी में मुश्किलें कितनी भी बड़ी क्यों न हों, यदि हौसले बुलंद हों तो हर चुनौती का सामना किया जा सकता है। इसकी मिसाल हैं सरकंडा निवासी 65 वर्षीय योग गुरु अनिता दुआ। पिछले 30 वर्षों से वे लोगों को निःशुल्क योग प्रशिक्षण देकर स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक कर रही हैं।

खास बात यह है कि खुद चार बार कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझने के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और आज भी पूरे उत्साह एवं जुनून के साथ समाज सेवा में जुटी हुई हैं।



अनिता दुआ बताती हैं कि वे अब तक चार बार कैंसर से लड़ चुकी हैं। बीमारी से संघर्ष ने उनके हौसले को कमजोर करने के बजाय दूसरों के लिए कुछ करने का जज्बा और मजबूत किया है। वे कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करती हैं। समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे अब तक 57 बार रक्तदान कर चुकी हैं। वर्ष 2010 में उन्होंने देहदान का संकल्प भी लिया, ताकि उनके जाने के बाद भी उनका शरीर चिकित्सा एवं मानव सेवा के काम आ सके। इसके अलावा फेस ऑफ द ईयर टाइटल, बेस्ट वुमन ऑफ इंडिया, नारी शक्ति सम्मान, वुमन आइकॉनिक अवार्ड और उत्कृष्ट सामाजिक सेवा सम्मान भी प्राप्त हो चुके हैं।

मोटिवेशनल स्पीकर और बिजनेस कोच डॉ. उज्ज्वल पाटनी से हरिभूमि की बातचीत

बड़ी सफलता के लिए रोजाना सेल्फ ऑडिट करें, स्वंय से दो सवाल जरूर पूछें

कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोटिवेशनल स्पीकर और बिजनेस कोच डॉ. उज्ज्वल पाटनी ने कहा है कि जीवन में बड़ी सफलता के लिए रोजाना सोने से पहले अपने आप से दो सवाल जरूर पूछना चाहिए। इसे आप सेल्फ ऑडिट भी कह सकते हैं। इसमें पहले यह कि आज मैंने ऐसा क्या किया जो मुझे नहीं करना चाहिए था दूसरा यह कि ऐसा क्या किया जिस पर मुझे गर्व करना चाहिए। इसके साथ ही बच्चों के लालन-पालन में मिलकर फैसला लेना चाहिए।



उन्होंने बताया कि बच्चों को हर चीज थाली में परोसकर नहीं देना चाहिए। बच्चों को अभाव में जीवन जीने की कला भी सीखानी चाहिए। इसके साथ ही टीमवर्क क्या होता है यह बताना और उसे जोड़ना भी हर पेरेंट्स के लिए बहुत आवश्यक है। बच्चों को मोबाइल से थोड़ा दूर रखते हुए खेलकूद से जुड़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। हरिभूमि से बात करते हुए उन्होंने विभिन्न मुद्दों के बारे में बताया। उनके अनुसार, केवल ज्ञान होने से फर्क नहीं पड़ता, जब तक उसे व्यवहार में न उतारा जाए। कभी भी औसत आदमी की संगत नहीं करें, सर्वश्रेष्ठ को चुनें।

प्रश्न- बच्चों के लिए क्या सही है, यह कैसे बताएं और समझाएं।

डॉ पाटनी- हर बच्चे की अलग क्षमता होती है इसलिए उसकी तुलना किसी दूसरे बच्चे से ना करें। हर बात पर बच्चों की तुलना किसी दूसरे से ना करें। इसमें तीन बातों का खास ख्याल रखें। इसमें बच्चों से कंप्लेंट ना करें, निंदा ना करें और दूसरे से तुलना ना करें।

प्रश्न- व्यापारी को कस्टमर रीच और व्यापार बढ़ाने के लिए क्या करना चाहिए।

डॉ पाटनी- हर व्यापारी को साल में कम से कम 7 दिन सीखने के लिए निकालना चाहिए। बिजनेस कोचिंग में पहुंचकर आने वाले समय के बदलाव को पहचान कर उस हिसाब से शुरुआत करनी चाहिए। अपने कस्टमर से किए वादे को किसी भी व्यापारी को कभी नहीं तोड़ना चाहिए। व्यापार में गति बढ़ाने के लिए अपनी एक शक्तिशाली टीम बनानी चाहिए इससे व्यापार मजबूत होगा। व्यापारी को अपना व्यापार लिखित और सिस्टम आधारित बनाना चाहिए इससे भविष्य में आगे चलकर उनके उत्तराधिकारी को आसानी होगी। अपने खास प्रोडक्ट को लोकल के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पहुंचने की हर संभव कोशिश करनी चाहिए।

प्रश्न- बिजनेस शुरू करने और बढ़ाने के लिए शुरुआती कदम क्या होने चाहिए।

डॉ पाटनी- हर बिजनेस ओनर को अपना विजन बनाना चाहिए। विजन नहीं होगा तो समझ नहीं आएगा कि एनर्जी कहां जाएगी। पांच साल का विजन हो कि मेरे पास कितने प्रोडक्ट होंगे, कितने लोगों की टीम होगी, मेरा बिजनेस कहां फैलेगा। बिजनेस ओनर का एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) माइंडसेट होना चाहिए। यानी अपने हर काम का एसओपी बना दूंगा, ताकि वो काम मेरे बिना भी हो सके। हर वक्त मुझे उपलब्ध रहने की जरूरत न पड़े। बिजनेस ओनर लगातार फोकस रखे कि उसका बिजनेस पॉलिसी पर चले, इमोशंस पर नहीं।

प्रश्न- जीवन जीने के साथ ही स्ती और संगत के बार में आप क्या सोचते हैं।

डॉ पाटनी- अपनी जीवन में ऐसे कुछ दोस्त जरूर बनाएं जिनका लक्ष्य ऊंची मुकाम हासिल करना हो। किसी भी हालत में यह ना सोचे कि मैं छोटे शहर का हूं तो बड़ी जगह पर नहीं पहुंच पाउंगा। हर सुबह 20-20-20 का फॉर्मूला अपनाएं। 20 मिनट टॉप फ्लोर के लिए रखें यानी इंटेलेक्चुअल अपग्रेडेशन के लिए। कोई किताब पढ़ें, कोई मोटिवेशनल शो देखें। इससे आप सुबह इतने चार्ज हो जाइए कि दिनभर काम कर सकें। अगले 20 मिनट स्पिरिचुअल अपग्रेडेशन को दें। जैसे मौन रखें, योग करें।

प्रश्न- नई पीढ़ी को आप किस तरह से देखते हैं, क्या रियल लाइफ जी रहे हैं।

डॉ पाटनी- नई पीढ़ी ज्यादा संवेदनशील है। पहले घर में कई बच्चे, रिश्तेदार होते थे, तो वे यूं ही पल जाते थे, लेकिन अभी एक-दो बच्चे ही होते हैं। ऐसे में ये बच्चे बहुत पैम्पर हो रहे हैं। ये स्टार्टअप की कहानियां सुनते हैं, तो इन्हें लगता है कि जल्दी करोड़ों कमा लें। ये रील देख सोच रहे हैं कि आइडियल जिंदगी यही है। ये नहीं जानते कि वीडियो गेम में हार रहे हैं तो गेम रिस्टार्ट हो सकता है, रियल लाइफ में ऐसा नहीं होता। यही वजह है कि ये जनरेशन सॉफ्ट, सेंसिटिव है। काफी प्रेशर भी लेती है कि कुछ बनना है। पैरेंट्स को इन्हें अपने मुताबिक ढालने की बजाय इन्हें हैंडल करना सीखना होगा। इनसे ट्रेडिशनल एक्सपेक्टेशंस (जैसे डॉक्टर, इंजीनियर) नहीं रखनी चाहिए। ये कुछ भी बन सकते हैं।

प्रश्न- व्यापारी खुद को राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने क्या करें?

जवाब- कौन किस राज्य में है फर्क नहीं पड़ता। शरीर लोकल और माइंड ग्लोबल हो सकता है। छोटे राज्य, डेवलपिंग राज्य में हूं जैसे डायलॉग को आग लगा देनी चाहिए। क्योंकि हम इंटरनेट के युग में हैं। सारी चीजें आपकी मुट्ठी में हैं। राज्य के उद्यमियों को सलाह देना चाहूंगा सेल्फ डेवलपमेंट में इन्वेस्ट करें। ताकि बिजनेस का ऑटोमेशन हो सकें और आप कम घंटों में ज्यादा समय का काम कर सकें। बिजनेस में सेल्स को बढ़ाने के लिए पांच आर का उपयोग करें। पहला रिफरेंस एक कस्टमर दूसरा कस्टमर कैसे लाकर दें। दूसरा रिएक्टिवेशन डेड कस्टमर को कैसे वापस लाए। तीसरा रिव्यू बिजनेस के सेल्स प्रोसेस को कैसे रिव्यू करें। रिलेशनशिप स्ट्रेटजी ग्राहकों के साथ भावनात्मक, आजीवन वफादारी बनाने की तकनीकें अपनाए। पांचवां आरओआई ऑनर।

प्रश्न- बेहतर कम्युनिकेशन स्किल के लिए क्या करें?

डॉ पाटनी- जिंदा और पावरफुल लैंग्वेज का उपयोग करें। किसी भी अवस्था में हल्की भाषा का उपयोग न करें। हम नेगेटिव को 10 एक्स करते हैं, पर पॉजीटिव को छोटे में बताते हैं। जैसे-युद्ध पर हम आधा घंटा बात करेंगे पर हालचाल जाने पर जवाब छोटा होगा। इसे तीगुना करके बताएं। जैसे इसे ऐसा भी कह सकते हैं कि ईश्वर के आशीर्वाद से सब बढ़िया चल रहा है। परिवार में सब कुशल मंगल है।

डॉ. पाटनी के बारे में : डॉ. उज्ज्वल पाटनी, छत्तीसगढ़ के दुर्ग में पले बढ़े हैं। वे प्रख्यात बिजनेस कोच, मोटिवेशनल स्पीकर व अंतरराष्ट्रीय लेखक हैं। उनके तीन गिनीज विश्व रिकॉर्ड हैं, जिनकी सात पुस्तकें 12 भाषाओं में प्रकाशित हैं। 18 देशों में 15 प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले हैं।

खबर संक्षेप

डॉ पांडे को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से किया गया अलंकृत

बिलासपुर। कला, साहित्य और संस्कृति को समर्पित थावे विद्यापीठ, बिहार के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय



राष्ट्रीय हरिद्वार अधिवेशन में 25 अक्टूबर को डॉ. अंतिमा पांडे को 'डॉक्टरेट की मानद उपाधि' से सम्मानित किया गया है। विद्यापीठ के कुलपति डॉ. विनय कुमार पाठक के विशेष मार्गदर्शन और सहयोग से उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान उनकी उत्कृष्ट सामाजिक व सांस्कृतिक उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर डॉ. अंतिमा पांडे ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता स्व. रमेश कुमार दुबे के कुशल मार्गदर्शन को दिया।

पंडित राम जोशी राजमहंत नियुक्त किए गए

बिलासपुर। गुरु घासी दास बाबा के पांचवें वंशज भारत वर्ष सतनामी समाज के बड़े गुरु गुरु गद्दीनशीन गिरौद



पुरीधाम, खडुवाधाम, जगतगुरू गुरु विजय कुमार बाबाजी व राजराजेश्वरी कौशल माता व गुरु परिवार द्वारा पंडित राम जोशी सतनामी को सतनाम चौका आरती,सत्संग, सतनाम भजन कार्यक्रम, सामाजिक कार्य के लिए सतनामी समाज में राजमहंत नियुक्त किया गया। वे भारत वर्ष के विभिन्न राज्यों में सतनाम चौका आरती ,सत्संग प्रवचन के माध्यम से गुरु बाबा घासी दास के संदेश व सतनाम का प्रचार प्रसार करते है।

केंद्रीय कर्मचारियों के डीए में 3% वृद्धि का किया स्वागत

बिलासपुर। राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ ने केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि के निर्णय का स्वागत करते हुए भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। महासंघ के महामंत्री राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने इसकी सराहना करते कहा कि केंद्र सरकार के इस सकारात्मक निर्णय से देश के लाखों केंद्रीय कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों को सीधा आर्थिक लाभ होगा। राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ देश के समस्त प्रदेशों की सरकारों से पुरजोर मांग करता है कि केंद्र सरकार की तर्ज पर प्रत्येक राज्य में भी सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते की तत्काल घोषणा की जाए। छत्तीसगढ़ राज्य में राज्य स्तर पर कर्मचारियों की लंबे समय से महंगाई भत्ते की मांग चल रही है। राज्य शासन से मांग है केंद्र के समान घोषित तिथि से महंगाई भत्ता की तत्काल घोषणा की जाए। श्री श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया है कि महासंघ देश के समस्त कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के हितों एवं अधिकारों के लिए सदैव कटिबद्ध है तथा राज्य सरकारों से यह पूर्ण अपेक्षा है कि वे इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करेंगी।

भारत यात्रा का स्वागत सम्मान कार्यक्रम का समापन



बिलासपुर। भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा नई दिल्ली के पदाधिकारियों का भारत भ्रमण का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में बिलासपुर छत्तीसगढ़ पहुंचे प्रकाश गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा और उनकी टीम पिछले 15 दिनों से भारत के 7 राज्यों से होते हुए बिलासपुर पहुंची। महिला सशक्तिकरण, समाज परिवार से दूरी बना रहे युवाओं की भागीदारी तय करना , मृत्यु भोज जैसी प्रथा बंद करना आदि बहुत से कुरीतियों को खत्म करने के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली गई है। स्थानीय वैश्य साहू समाज भवन में यात्रा के पहुंचने पर एक वृहद सम्मान कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी को साल फ्री फल देकर सम्मान किया गया। अतिथि स्वागत में एसपी गुप्ता राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष, सुनील साहू उपाध्यक्ष महाराष्ट्र , जीतेन्द्र साहू युवा अध्यक्ष मध्य प्रदेश , आनंद गुप्ता अध्यक्ष युवा मुंबई का समाज के अध्यक्ष उमाकांत साहू सचिव प्रमोद साहू कार्यकारी अध्यक्ष दीपक कुमार साहू , रामलाल साहू प्रभात साहू अशोक साहू के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया।

आनलाइन अटेडेंस व मेस राशि कटौती जैसे मुद्दों को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे

बिलासपुर। आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत छात्रावास अधीक्षक सोमवार को आनलाइन अटेडेंस एवं मेस राशि में कटौती से अपनी अन्य समस्याओं और मांगों को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे थे। इन छात्रावास अधीक्षकों का कहना है कि राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ द्वारा समस्याओं एवं छात्रावास, आश्रमों के संचालन में आ रही व्यावहारिक कठिनाईयों को लेकर समय-समय पर शासन और संचालनालय स्तर पर अवगत कराया जाता रहा है। उनकी मांग है कि दैनिक कार्य के घंटे निर्धारित किए जाएं तथा साप्ताहिक एवं सार्वजनिक अवकाश का स्पष्ट प्रावधान किया जाए। अधीक्षक संवर्ग का कैडर पुनर्गठन किया जाए, क्योंकि अधीक्षक पद पर भर्ती होने के बाद पूरी सेवा अवधि उसी पद पर रहते हुए सेवानिवृत्त होने की व्यवस्था में सुधार किया जाए। शिक्षक संवर्ग के प्रभारी अधीक्षकों को वीएसके एप से उपस्थिति दर्ज करने की अनिवार्यता से छूट प्रदान की जाए। इसी तरह आनलाइन उपस्थिति व्यवस्था में सुधार एवं मेस राशि में अनुचित कटौती पर रोक लगाने की मांग भी की जा रही है।

सहकारी समितियों के परिसमापन के लिए दावा आपत्ति आमंत्रित

बिलासपुर। सहकारी समितियों के परिसमापन के लिए दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। कार्यालय उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं बिलासपुर द्वारा जिले की सहकारी समितियों के परिसमापन के लिए 60 दिवस के भीतर समिति के दावेदार एवं लेनदारों से दावा आपत्ति मांगा गया है। समितियों के लिए नियुक्त परिसमापकों ने बताया कि बिलासपुर के जय हनुमान प्राथमिक सह. उप. भण्डार मर्या. लोकोकालोनी, कृषि एवं पशुपालन बहु. सहकारी समिति मर्या., ज्योति प्राथमिक सह. उप. भण्डार मर्या. कुदुदण्ड, आदर्श प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्या. इमलीपारा, जय भवानी प्राथमिक उपभोक्ता भंडार सहकारी समिति मर्या. रामदासनगर, आदर्श प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्या. लाला लाजपतराय नगर, विकास प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्या. नेहरू नगर एवं एसईसीएल प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्या. इंदिरा के परिसमाापन की कार्यवाही की जा रही है। इन समितियों के दावेदार एवं लेनदार अपने दावेमय लिखित प्रमाण 60 दिन के भीतर प्रस्तुत करें। इस अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे मान्य नहीं होंगे।

आठवें वेतनमान के साथ दिए जाने की मांग | **डिवीजन कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन**

बोनस की राशि कम होने का रेल कर्मचारियों ने शुरू किया विरोध

बिलासपुर। बोनस की राशि कम मिलने के कारण नाराज रेल कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन करना शुरु कर दिया है। इस दौरान बोनस की राशि बढ़ाने के साथ अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन भी किया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से बोनस की राशि को सीलिंग पर न्यायसंगत वृद्धि, मौजूदा महंगाई पर बोनस का पुनर्निधारण करना शामिल किया गया है।

एक दिन पहले दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ के संयुक्त तत्वावधान में साप्ताहिक राष्ट्रव्यापी चेतावनी मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें शहडोल, बिजुरी, ब्रजराजनगर, अकलतरा, बिलासपुर, सूरजपुर, कोरबा, खरसिया, रायगढ़, रायपुर और नागपुर मंडल में रेल कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान पुरानी



पेंशन की बहाली, आठवें वेतन आयोग का अविलंब स्पष्ट निर्धारण, कर्मचारियों व पेंशनरों के 30 फीसदी अंतिम राहत, डीए व वेतन में उचित बढ़ोत्तरी, कोरोना काल का कोविड एरियर्स, कार्य के समय आठ घंटे की सुनिश्चितता, उचित समय पर प्रमोशन की मांग की गई। जोनल कार्यकारी अध्यक्ष विवेकानंद चंद्रा ने बताया कि सैनिक और रेलवे की सेवाओं में प्रमुख अंतर है कि कमांडर आगे होता है और लीड करता है। रेलवे में कर्मचारी आगे और लीडर पीछे होता है। रेलवे में कर्मचारियों की संख्या घट रही और ट्रेनें बढ़ रही हैं। इस दौरान जोनल अध्यक्ष कमलेश सिंह, महामंत्री संतोष पटेल, राकेश कुमार साहू, नूतन वर्मा, राकेश पटेल, अभिषेक पाण्डेय, सूरज देवांगन, उत्तम दास मानिकपुरी, प्रॉम्पी कुमार सिंह, संजय यादव, हरिश डहरवाल, युवराज कुमार साहू सहित रेल कर्मचारी मौजूद थे। वहीं शुक्रवार को अखंड रेल कर्मचारी संघ की ओर से डीआरएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। महामंत्री संजय गुप्ता ने बताया कि धरना प्रदर्शन के दौरान बोनस की मांग के अलावा पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने, रेलवे में निजीकरण निगमीकरण बंद करने, सभी विभागों में नया कैडर रिस्ट्रक्चरिंग लागू करने, रिक्त पदों को भरने, वर्ष 2017 से लंबित सायकल रिपेयरिंग अलाउंस का एरियर्स तत्काल प्रदान करने, अन्य क्षेत्रीय रेलवे की भांति एसईसीआर बिलासपुर में महिलाओं को वन टाइम कैटेगरी चेंज ऑप्शन प्रदान करने, रनिंग विभाग के कर्मचारियों को 16 से 30 घंटे का विश्राम देने, रनिंग विभाग के कर्मचारियों की संख्या अनुरूप रेलवे आवास, चिकित्सा व शिक्षा की व्यवस्था करने, लांग हॉल गाड़ियों को बनाने स्टेशन चिन्हित करने, स्टेशन पर पाइंट्समैन पोर्टर की ड्यूटी 12 घंटे से कम कर 8 घंटे करने, सीएंडडब्लू में रिक्त पदों को तत्काल भर्ती करने के अलावा अन्य मांगों का ज्ञापन रेल अफसरों को सौंपा गया है।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ विषय पर प्रबुद्धजनों की नागरिक संगोष्ठी

मुट्ठी भर ताकतें देश में अराजकता फैलाने में लगी हुई हैं: अमर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र द्वारा लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ विषय पर प्रबुद्धजनों की नागरिक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पं. देवकीनंदन दीक्षित सभागृह लालबहादुर शास्त्री शाला परिसर में भाजपा के पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि कुछ मुठ्ठी भर ताकतें देश में अराजकता फैलाने में लगी हुई है और उन्हें देश की संवैधानिक संस्थाओं न्यायालय, संविधान संसद किसी पर भरोसा नहीं है। वे इन सभी की आलोचनाओं में जुटे हुए है और मीडिया को भी संदेह के दायरे में ला दिया है।

अमर ने कहा कि विपक्ष को जनता ने क्यों नकार दिया है, इस पर उन्हें गंभीरता से विचार और चिंतन करना चाहिए। उन्हें अपनी हार के कारणों का विश्लेषण कर आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। श्री अग्रवाल ने कहा कि भारत की रगो में कूट-कूटकर प्रजातंत्र का भाव भरा हुआ है। हमारे देश में विपक्ष का एकमात्र ध्येय सभी एकजुट हो जाओ और देश में अराजकता फैलाओं है। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की अराजकता के दंश को हमने झेला है। जेएनयू भी इसका एक प्रमुख केन्द्र है। विकसित भारत 2047 हमारा संकल्प है। हमें इसके लिये क्या करना है इसकी रूपरेखा तैयार कर नीतियां बनाई गई है। हम सभी मिलकर इसे मूर्तस्परूप प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम में दीपक सिंह ठाकुर ने कहा उन्हें लोकतंत्र संविधान और संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं है। उनका उद्देश्य केवल भ्रम फैलाना है अतः उनसे सतर्क रहने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल व आभार मध्य मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र पाठक ने किया। इस अवसर पर महापौर पूजा विधानी, सभापति विनोद सोनी, केके शर्मा, दुर्गेश पाण्डेय, देवेन्द्र पाठक, लक्ष्मीनारायण कश्यप, शैलेन्द्र यादव, राकेश लालवानी, मनोज सोनी, वैभव गुप्ता, प्रदीप शुक्ला, विजय ताम्रकार, राजेश मिश्रा, प्रबीर सेन गुप्ता आदि मौजूद थे।

प्रदर्शन में शामिल होने कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता दिल्ली रवाना

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा एक नंवबर को दिल्ली में वोट बचाओ देश बचाओ रैली प्रदर्शन रखा गया है। इस प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रदेश से दो हजार कांग्रेसजनों की भीड़ ले जाने का टारगेट दिया गया है, जिसके तहत शुक्रवार को बिलासपुर जिले से लगभग एक सौ कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता ट्रेन से दिल्ली रवाना हुए। वहीं कुछ बड़े नेता, विधायक शनिवार को प्लेन से रवाना होंगे। दिल्ली में एक नवंबर को होने वाले वोट बचाओ देश बचाओ रैली प्रदर्शन में शामिल होने बिलासपुर से बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता जाने वाले हैं। आज दोपहर उसलापुर स्टेशन से हमसफर एक्सप्रेस से लगभग एक सौ कांग्रेसियों की भीड़ दिल्ली रवाना हुई है। आज ट्रेन से दिल्ली रवाना होने वालों में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अभयनारायण राय, महेश दुबे, आशुतोष शर्मा, शाहनवाज खान, सीमा घृतेश, संतोष गर्ग, हितेश देवांगन साकेश मिश्रा, बिहारी देवांगन, विनोद साहू, अमित साहू, अनिल शुक्ला, लक्ष्मीनाथ साहू, अभ्युदय तिवारी आदि शामिल हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री सहित ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भी दिल्ली जाएंगे। शनिवार को भी कांग्रेस के विधायक, पूर्व विधायक, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्लेन से या ट्रेन व सड़क मार्ग से दिल्ली जाएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री एवं एआईसीसी के महासचिव भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, विधायक अटल श्रीवास्तव, विधायक दिलीप लहरिया 31 अक्टूबर को दिल्ली रवाना होंगे।



ओयू के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे राज्यपाल, सीएम



बिलासपुर। पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी का सप्तम दीक्षांत समारोह 3 नवंबर को होने जा रहा है। इस दीक्षांत समारोह में राज्यपाल कुलाधिपति रमेन डेका व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। दीक्षांत वक्ता हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा व दीक्षांत अतिथि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के अध्यक्ष प्रो. नागेश्वर राव होंगे।

■ पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी का सप्तम दीक्षांत समारोह 3 नवंबर को

सप्तम दीक्षांत समारोह के संबंध में शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. वीरेन्द्र कुमा सारस्वत ने बताया कि दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा व विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक धरमजीत सिंह, विधायक सुशांत शुक्ला, विधायक अटल श्रीवास्तव, विधायक दिलीप लहरिया शामिल होंगे। इनके साथ ही यूनिवर्सिटी के कार्य परिषद सदस्य श्रीमती गोमती साय, सुश्री लता उसेंडी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, महापौर पूजा विधानी भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि राज्यपाल कुलाधिपति रमेन डेका दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इस सप्तम दीक्षांत समारोह में सत्र जनवरी-दिसंबर 2023, सत्र जुलाई-जून 2024, सत्र जनवरी-दिसंबर 2024, सत्र जुलाई-जून 2025, सत्र जनवरी-दिसंबर 2025 के विभिन्न संकायों में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कुल 72 विद्यार्थियों को 119 स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। इसमें 14 दानदाताओं द्वारा प्रदत्त स्मृति स्वर्ण पदक भी शामिल है। 5 पीएचडी विद्या वाचस्पति उपाधि भी दिए जाएंगे। ओपन यूनिवर्सिटी के परीक्षा सत्र जनवरी-दिसंबर 2023 में 2051 विद्यार्थी, सत्र जुलाई-जून 2024 में 7951 विद्यार्थी, सत्र जनवरी-दिसंबर 2024 में 3155 विद्यार्थी, सत्र जुलाई-जून 2025 में 6420 विद्यार्थी, सत्र जनवरी-दिसंबर 2025 में 5223 विद्यार्थी परीक्षा उत्तीर्ण किए हैं। दीक्षांत समारोह का रिहर्सल 2 नवंबर को होगा।

विद्यार्थियों के लिए व्यक्तित्व परिष्कार पर संवाद

बिलासपुर। शासकीय उमा विद्यालय जूनापारा में 30 अक्टूबर को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए व्यक्तित्व परिष्कार पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता अनिलेश तिवारी भोले रहे। सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू, उपध्यक्ष जिला पंचायत बिलासपुर ललिता संतोष कश्यप, प्राचार्य आदि मौजूद थे। पूजन कार्य गणेश प्रसाद शुक्ला ने कराया । प्राचार्य धनराज यादव ने संतश्री का सम्मान किया। विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। सेवानिवृत्त प्राचार्य शत्रुहन प्रसाद कश्यप द्वारा बच्चों से से कहा कि उठो साथियों बनों तेजस्वी, सोया भाग्य जगाना है। संत



श्री विद्यार्थियों को मनुष्य जीवन की महत्ता बताते हुए कहा कि मनुष्य यदि सद्कर्म और सदज्ञान का मार्ग अपनाए तो वह न केवल अच्छा इंसान बल्कि देवत्व की प्राप्ति भी कर सकता है, आज छात्र अपने अमूल्य समय का विभिन्न माध्यमों से दुरुपयोग करते हुए, नशा एवं अन्य खराब गतिविधियों में संलिप्त होते जा रहें है। आभार प्रदर्शन आशुतोष श्रीनेत एवं कार्यक्रम का संचालन संतोषी शुक्ला ने किया। इस अवसर पर दिनेश कुमार कश्यप, मोनिका तिवारी, सुमनलता जायसवाल, जागृति वैष्णव, अनुपा एक्का, प्रियंका प्रजापति, विभूति शर्मा, मनमोहन अनंत, रामेश्वर कश्यप, रेखा पालके, उमाशंकर ध्रुव, संतराम नेताम, नरेश यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं मौजूद थे।

राशन दुकान संचालन के लिए आवेदन 4 तक

बिलासपुर। जिले के कोटा विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य की दुकान जोगीपुर, मिट्ठू नवागांव, करबा, पुडु, पोंड़ी, मोहली, लूफा, उपका, शक्तीबहरा, कुरबार, नगोई, कर्रा, नवागांव (स), लमकेना, तुलुफ, पोंड़ी के आबंटन के लिए 4 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित है। ग्राम पंचायत एवं स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियां, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम, वृहदाकार आदिम जाति बहुदेशीय सहकारी समिति (लेम्पस) एवं वन सुरक्षा समितियों के आवेदन ही स्वीकार होगा।

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

स्वदेशी ज्ञान प्रणालियां सांस्कृतिक पहचान और सतत विकास का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में सामाजिक विज्ञान विभाग (इतिहास) एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रायोजन में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विशेषज्ञों ने स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों, जनजातीय संस्कृति, परंपरा, आधुनिकता और सामाजिक परिवर्तन के विभिन्न पहलुओं पर विचार रखे। हाइब्रिड मोड में आयोजित संगोष्ठी का विषय "भारत में स्वदेशी ज्ञान प्रणालियाँ और सामाजिक परिवर्तन : जनजातीय समुदायों में परंपरा और आधुनिकता" था।

वैद्य राजेश कपूर ने भारतीय पारंपरिक स्वास्थ्य-चिकित्सा ज्ञान, आयुर्वेद, औषधीय पौधों और समुदाय आधारित उपचार पद्धतियों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। प्रो. प्रदीप शुक्ला ने जनजातीय समुदायों, प्रकृति, संस्कृति और सामाजिक परिवर्तन के ऐतिहासिक संबंधों पर विचार रखे। विशिष्ट वक्ता आचार्य रमेन्द्र नाथ मिश्र ने जनजातीय इतिहास और पहचान को समझने में मौखिक स्त्रोतों, सामूहिक स्मृति, पांडुलिपियों और संस्थागत संगठन के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. अल्फोन्स तिर्की ने जनजातीय सामाजिक परिवर्तन को ऐतिहासिक निरंतरता और आधुनिक बदलावों के संदर्भ में समझाया। डॉ. सी. अनुपा तिर्की ने भाषा, गीत, कथाओं, मौखिक परंपराओं और सामुदायिक संस्थाओं के माध्यम से ज्ञान के पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरण पर प्रकाश डाला। द्वितीय दिवस प्रो. घनश्याम दुबे और विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के प्रो. विश्वजीत सिंह परमार, डॉ. देवेंद्र सिंह पोर्ते, डॉ. फेडोरा बारवा ने जनजातीय समाज में लैंगिक भूमिकाओं, पारंपरिक संस्थाओं और पीढ़ीगत ज्ञान-संचरण पर विचार रखे। समारोह में प्रो. वेद प्रकाश मिश्रा ने लोकपरंपराओं और जीवन-मूल्यों का प्रतीक हैं।

प्रो.काजल मोइत्रा ने बतलाया कि छत्तीसगढ़ की उराँव एवं गोंड जनजातियों की लोककथाएँ, लोकगीत, पारंपरिक कृषि पद्धतियाँ और प्रकृति के प्रति सम्मान इस ज्ञान के महत्त्वपूर्ण उदाहरण हैं। संगोष्ठी का आयोजन डॉ. ऑगस्टिन खाखा के संयोजन और डॉ. अंजू तिवारी के सह-संयोजन में हुआ।

बिजनेस प्लस

श्री शिवम में हर जनरेशन के लिए खास कलेक्शन

बिलासपुर। सेंट्रल इंडिया के प्रमुख फैमिली फैशन स्टोर श्री शिवम ने अपने सभी स्टोर्स में दिवाली के लिए विशेष फेस्टिव कलेक्शन प्रस्तुत किया है।

'दिल से दिवाली, हर रिश्ते के लिए!' की थीम पर तैयार इस कलेक्शन में परंपरा और आधुनिकता का खूबसूरत संगम देखने को मिल रहा है। युवाओं के लिए इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स, स्टाइलिश कुर्ता सेट, ट्रेंडी एथनिक वियर और आकर्षक फेस्टिव लुक के विकल्प रखे गए हैं। वहीं महिलाओं के लिए डिजाइनर साड़ियां, लहंगे और सूट, पुरुषों के लिए ट्रेडिशनल एवं कंटेम्पररी परिधान तथा बच्चों के लिए रंग-बिरंगे फेस्टिव आउटफिट्स की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई गई है। आज के दौर में त्योहार केवल उत्सव मनाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि परिवार के साथ खूबसूरत यादें संजोने का भी अवसर बन गए हैं। फैमिली फोटोशूट, सोशल मीडिया और सेलिब्रेशन के बढ़ते चलन के बीच कोऑर्डिनेटेड फैमिली आउटफिट्स तथा ट्रेडिशनल लुक में मॉडर्न टच युवाओं की पसंद का अहम हिस्सा बन रहे हैं। इसी सोच के साथ श्री शिवम का फेस्टिव कलेक्शन परिवार के हर सदस्य को अपनी पसंद और स्टाइल के अनुरूप परिधान चुनने का अवसर देता है। दिवाली की खरीदारी को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए श्री शिवम ने शुक्रवार, शनिवार और रविवार को मिडनाइट



शॉपिंग की विशेष पहल की है। इससे नौकरीपेशा लोगों, युवाओं और परिवारों को अपनी दिनभर की व्यस्तता के बाद भी आराम से खरीदारी करने का अवसर मिलेगा। त्योहार की रौनक के बीच देर रात तक शॉपिंग की यह सुविधा ग्राहकों के फेस्टिव एक्सपीरियंस को और खास बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। दिवाली के साथ आगामी विवाह सीजन को ध्यान में रखते हुए भी श्री शिवम में आकर्षक एथनिक और सेलिब्रेशन वियर का कलेक्शन प्रस्तुत किया गया है। परंपरा, नए फैशन ट्रेंड और पूरे परिवार की पसंद को एक साथ जोड़ते हुए श्री शिवम ने इस फेस्टिव सीजन को खास बनाने की तैयारी की है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, नागपुर, भोपाल, जबलपुर और छिंदवाड़ा सहित श्री शिवम के सभी स्टोर्स में यह विशेष फेस्टिव कलेक्शन ग्राहकों के लिए उपलब्ध है।

सड़कों की हालत खराब...



सेक्टर डी यदुनंदन नगर की सड़क पर बने गड्ढे में भरा पानी।



सेक्टर डी यदुनंदन नगर की खराब सड़क से गुजर रहे भारी वाहन।



अशोक नगर की सड़क अब तक नहीं बनी, मिट्टी और कीचड़ से होकर गुजरते हैं लोग।

खबर संक्षेप

स्कूल से पंखे और ट्यूबलाइट पार

बिलासपुर। अज्ञात चोरों ने स्कूल को निशाना बनाकर पंखे और ट्यूबलाइट सहित 10 हजार रूपए का माल पार कर दिया है। पुलिस ने प्रधान पाठक की शिकायत पर जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकंडा पुलिस के अनुसार हर्ष हेवंस टॉवर के पास अशोक नगर निवासी श्रीमाती पांडेय पति रामधनी पांडेय चांटीडीह स्कूल में प्रभारी प्रधान पाठक के तौर पर पदस्थ हैं। 28 अक्टूबर की शाम4 बजे स्कुल की छुटटी के बाद ताला लगाकर घर चली गई। 29 अक्टूबर को छुट्टी होने के कारण सीधे 30 अक्टूबर को स्कूल पहुंचीं। इस दौरान प्रिसिंपल प्रमीला पॉल ने बताया कि स्कूल का ताला तोड़कर पंखा 8 नग सिलिंग पंखा, 9 नग टयुबलाइट, बल्ब 2 नग,स्वीच बोर्ड 4 नग सहित 10 हजार रूपए का सामान अज्ञात चोर ने चोरी की है। इसके बाद प्रधान पाठक ने सरकंडा थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

पांच पदों के लिए कौशल परीक्षा 2 और 4 को

बिलासपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा भर्ती के पांच पदों के लिए कौशल परीक्षा 2 एवं 4 नवंबर को होगी। भर्ती प्रक्रिया के तहत दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद मेरिट सूची तथा कौशल परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। सीएमएचओ कार्यालय के अनुसार जूनियर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट पीएडीए एवं ब्लॉक डाटा मैनेजर पदों की कौशल परीक्षा 2 नवंबर को शासकीय महिला आईटीआई, कोनी, बिलासपुर में होगी। वहीं डेंटल असिस्टेंट एनयूएचएम, नर्सिंग ऑफिसर–एनएचएम एवं नर्सिंग ऑफिसर–यूएचएम पदों की कौशल परीक्षा 4 नवंबर को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, राजेन्द्र नगर, नेहरू चौक में होगी। अभ्यर्थियों की उपस्थिति एवं दस्तावेज का परीक्षण सुबह 10 से 11 बजे तक है। कौशल परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ सुबह 10 बजे तक संबंधित परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना है। पात्र अभ्यर्थियों की सूची जिले की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

शिवतराई से रास्ता किया जाएगा डायवर्ट, लोरमी की ओर से आने वाले सैलानी ले सकेंगे भ्रमण का आनंद

कल से ओपन होगा एटीआर का गेट सड़क खराब, डायवर्ट किया गया रुट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन का रास्ता रविवार एक नवम्बर से सैलानियों के लिए ओपन कर दिया जाएगा, लेकिन इस गेट के ओपन होने से पहले बारिश ने भ्रमण करने वाले रास्ते को कीचड़ और जर्जर कर दिया है। इसकी वजह से सड़क सुधार कार्य करने के साथ ही शिवतराई की ओर से रास्ते को डायवर्ट करने का निर्णय लिया गया है।

बारिश के मौसम में चार माह बंद करने के बाद अचानकमार टाइगर रिजर्व कें कोर जोन का रास्ता 1 नवम्बर रविवार से सैलानियों के भ्रमण कराने के लिए एक बार फिर से खोला जा रहा है। इस वर्ष कोर जोन में भ्रमण के लिए शिवतराई के साथ एक नया गेट केंवची की ओर से भी बना दिया गया है, जिसमें लोरमी की ओर से आने वाले सैलानी भ्रमण का आनंद ले सकेंगे। इस दौरान सैलानियों को घूमकर आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगा। शिवतराई के गेट से अभी तक बफर



जोन और विस्थापित ग्रामीणों का आना-जाना हो रहा था, जिसमें बेरियर पर बैठे कर्मचारी सारी गाड़ियों के नम्बर और उनके वाहन मालिक के नाम को भी नोट कर रहे थे। इसके साथ ही भ्रमण कराने वाली जिप्सी और महारानी को भी चार माह के लिए रोक दिया गया है, जिसमें समिति के सदस्य ग्रामीणों को अलर्ट करने के साथ चौकसी का काम कर रहे थे। एक नवम्बर रविवार से सैलानियों को भ्रमण कराने के लिए रास्ता ओपन करने से पहले प्रबंधन ने सारी तैयारियां पूरी कर ली है।

दो दिन की बारिश ने शिवतराई और केंवची की ओर से कोर जोन में भ्रमण का रास्ता पूरी तरह से खराब कर दिया है, जिसमें जिप्सी और महारानी का चलना काफी मुश्किल हो गया है। शुक्रवार को प्रबंधन ने पूरे कोर जोन का निरीक्षण करने के बाद दोनों ओर से आने वाले रास्ते को मरम्मत करने तक भ्रमण का मार्ग डायवर्ट करने का फैसला लिया है।

किया जा रहा डायवर्ट

बारिश की वजह से कोर जोन की सड़क खराब हो गई है, जिसे मरम्मत कार्य कराना शुरु कर दिया है। इसके साथ ही केंवची गेट ओपन होने के अलावा शिवतराई की ओर से आने-जाने वाला रास्ता 1 नवम्बर को ओपन हो रहा है, जिसका वर्चुअल उद्घाटन वन मंत्री के हाथों से कराया जा रहा है। इस दौरान रास्ते को डायवर्ट करने का निर्णय लिया गया है, ताकि पहले दिन भ्रमण करने वाले सैलानियों को कोई परेशानी न हो सके।

-तन्मय कौशिक, प्रभारी डीएफओ, एटीआर

पौने दो करोड़ में बनेगी देवकीनंदन चौक से महामाया चौक की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहरवासियों को देवकीनंदन चौक से महामाया चौक तक जल्द ही नई सड़क मिल सकेगी। 1.82 करोड़ की लागत से बनाई जाने वाली इस सड़क का निर्माण जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा। सड़क निर्माण के लिए संबंधित ठेकेदार को वर्कआर्डर जारी किया जा चुका है।

- वर्कआर्डर जारी, जल्द शुरू होगा निर्माण

लोक निर्माण विभाग द्वारा बारिश समाप्त होते ही शहर के भीतर व बाहर लगातार सड़कों का निर्माण प्रारंभ किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पुरानी सड़कों की मरम्मत का काम तो किया ही जा रहा है, वहीं नई सड़कें भी बनाई जानी है। इसी कड़ी में देवकीनंदन चौक से महामाया चौक तक 1. 30 किलोमीटर लंबाई में नई सड़क का निर्माण किया जाना है। सड़क की कुल लागत 182 लाख 84 हजार होगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस सड़क के निर्माण के लिए संबंधित ठेकेदार गजराज इंजीनियरिंग को 8 सितंबर को वर्कआर्डर जारी किया जा चुका है।

लोक निर्माण विभाग के अनुसार कार्य एजेंसी ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य जल्द ही प्रारंभ किया जाना है। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए कार्य एजेंसी को चार महीने का समय दिया गया है।

जारी हो गया है वर्क आर्डर

देवकीनंदन चौक से महामाया चौक तक नई सड़क का निर्माण किया जाना है। संबंधित कार्य एजेंसी को वर्कआर्डर जारी किया जा चुका है। इस सड़क के बनने से शहरवासियों को आवागमन में काफी सुविधा होगी।

-आदित्य ग्रोवर, ईई पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

पटवारी 18 दिनों से हड़ताल पर, वापसी के आसार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

13 अक्टूबर से प्रारंभ हुई पटवारियों की हड़ताल आज 18 दिनों बाद भी जारी है। तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए पटवारियों के अभी भी काम पर लौटने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। इधर जिले के सभी पटवारी कार्यालयों में तालेबंदी है, जिससे राजस्व संबंधी कोई कामकाज नहीं होने के कारण पक्षकारों की परेशानी बढ़ गई है।

- पटवारी ऑफिस में तालेबंदी

प्रदेश में इन दिनों राजस्व व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हालत में नजर आ रही है। इसके पीछे पटवारियों के 13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाना है। पटवारियों द्वारा अपनी तीन सूत्रीय मांगों पटवारी से आरआई प्रमोशन, वेतन निर्धारण का निराकरण एवं पीवी एप के बहिष्कार को लेकर हड़ताल की जा रही है। ज्ञात हो कि बीते अठारह दिनों से लगातार पटवारियों की प्रदेश स्तर पर हड़ताल जारी रहने के कारण एक ओर जहां राजस्व विभाग के जमीनी स्तर के काम ठप हो चुके हैं, वहीं आम पक्षकारों को परेशान होना पड़ रहा है। पक्षकारों के जाति-निवास, आमदनी, बटांकन, फौती-नामांतरण त्रुटि सुधार एवं डायवर्सन जैसे मूलभूत काम भी संपन्न नहीं हो पा रहे हैं। पटवारी संघ के अनुसार उनकी मांगों की पूर्ति को लेकर शासन स्तर पर लगातार वार्ता जारी है, लेकिन सफल नहीं हो पाने के कारण हड़ताल समाप्त नहीं हो पा रही है। संगठन ने फिलहाल हड़ताल समाप्त कर काम पर वापसी जैसी स्थिति से इंकार किया है। ज्ञात हो कि जिले के सारे पटवारी कार्यालयों में तालेबंदी है।

की जा रही है वार्ता

पटवारियों की हड़ताल अब भी जारी है। अपनी तीन सूत्रीय मांगों की पूर्ति के लिए मुख्यालय स्तर पर शासन से वार्ता जारी है। शासन द्वारा मांग पूरी नहीं करने की स्थिति में राज्य स्तर पर संगठन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार रणनीति बनाई जाएगी। फिलहाल काम पर वापसी की संभावना नहीं है।

-विजय भारत साहू
जिलाध्यक्ष पटवारी संघ

बिना विलंब शुल्क तिथि बढ़ाने की मांग

बिलासपुर। एयू के शिक्षण विभाग यूटीडी के विद्यार्थियों को इस बार परीक्षा फार्म भरने में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। वहीं विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरने के लिए बिना विलंब शुल्क के सीमित समय दिया गया। इसलिए विद्यार्थियों ने बिना विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाने की मांग की है। एयू अंतर्गत शिक्षण विभाग यूटीडी के विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई विद्यार्थियों का शुरुआत से एडमिशन लॉक विभागों द्वारा पोर्टल पर नहीं किया गया था। प्रवेश के समय वीएसी में लिए गए विषय पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे थे। प्रवेश के समय विषय परिवर्तन कराने वाले विद्यार्थियों कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। पोर्टल पर पेमेंट गेटवे उपलब्ध नहीं होने के कारण अनेक विद्यार्थी आनलाइन शुल्क जमा नहीं कर पा रहे थे। इन समस्याओं के समाधान के लिए विद्यार्थी अपने विभागों के चक्कर लगा रहे थे। विद्यार्थियों का यह भी कहना है कि बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फार्म भरने कम समय दिया गया। इसलिए यूटीडी के विद्यार्थियों ने बिना विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की बढ़ाए जाने की मांग की गई है।

राइस मिलों से अब बारकोड के साथ बाहर आएंगी चावल की बोरियां

बिलासपुर। राइस मिलों से निकलने वाली चावल की बोरियां अब बारकोड के साथ बाहर आएंगी। शासन द्वारा जारी कस्टम मिलिंग नीति में इस बार यह बड़ा बदलाव किया गया है। चावल की प्रत्येक बोरियों में बारकोड अंकित होने के पीछे पीडीएस को और स्मार्ट, सशक्त और पारदर्शी बनाया जाना प्रमुख कारण माना जा रहा है।

भारत सरकार खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के निर्देशों के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 से छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में केन्द्र एवं राज्य योजनाओं के तहत बारदानों में क्यूआर कोड आधारित खाद्यान्न खरीदी व्यवस्था को लागू किया जा रहा है। इसके अंतर्गत चावल की प्रत्येक बोरी पर आवश्यक विवरण सहित क्यूआर कोड अंकित कर मिल से भारतीय खाद्य निगम,नागरिक आपूर्ति निगम एवं उचित मूल्य दुकानों तक शत प्रतिशत स्कैनिंग एवं ट्रेसबिलिटी सुनिश्चित की जाएगी। इसके माध्यम से शुरू से अंत तक सप्लाई चेन का आसानी से पता लगाया जा सकेगा। भारत सरकार द्वारा क्यूआर कोड लागू करने का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक क्यूआर टैगयुक्त बैग को कॉस्ट शीट नंबर (सीएसएन) से जोड़कर उसकी एंड-टू-एंड ट्रेसिबिलिटी, स्वचालित सब्सिडी बिल जनरेशन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना, हेराफेरी एवं प्रतिस्थापन की रोकथाम, मौसमवार एवं कॉस्ट शीटवार ट्रैकिंग तथा रियल-टाइम स्टॉक मॉनिटरिंग को सक्षम बनाना है।

केंद्रीय पूल में 73, तो राज्य पूल में 17.28 लाख टन चावल का उपार्जन

छत्तीसगढ़ प्रदेश के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य 15 नवंबर से प्रारंभ हो रहा है। विकेन्द्रीकृत उपार्जन योजनांतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं भारत सरकार की अन्य योजनाओं तथा छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना के लिए चावल की वार्षिक आवश्यकता का उपार्जन छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमि. द्वारा एवं सरप्लस चावल का उपार्जन भारतीय खाद्य निगम द्वारा किया जाना है। उपार्जित धान की त्वरित मिलिंग के बाद चावल का अंतरण उपार्जन एजेंसी छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं भारतीय खाद्य निगम को किया जावेगा। इसके अंतर्गत केन्द्रीय पूल में 73 लाख टन एवं राज्य पूल अंतर्गत 17.28 लाख टन सामान्य चावल का उपार्जन नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा किया जावेगा।

जारी की गई है नीति

शासन द्वारा धान की कस्टम मिलिंग नीति जारी की गई है। शासन द्वारा इस बार एक नई व्यवस्था प्रारंभ की गई है, जिसके अंतर्गत राइस मिलों से निकलने वाली चाचल की प्रत्येक बोरियों पर क्यूआर बारकोड अंकित होगा। शासन का यह बदलाव पीडीएस को और स्मार्ट, पारदर्शी एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

-अमृत कुजूर, खाद्य नियंत्रक

दुकान में लगी भीषण आग, सामान जलकर खाक

बिलासपुर। राजेंद्र नगर चौक में दोपहर को अफरा-तफरी मच गई। सिद्धिविनायक वाजपेयी चेंबर के ग्राउंड फ्लोर स्थित एक दुकान में अचानक आग लग गई। दुकान से आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों इधर-उधर भागने लगे। कुछ लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने की कोशिश की और आग पर काबू पा लिया। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम भी मौके पर पहुंच गई।

घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। राजेंद्र नगर चौक स्थित दुकान



में अचानक आग लगने से अंदर रखा सामान जलकर खाक हो गया। आग देखकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए और बिना देर किए आग बुझाने में लग गए। स्थानीय लोगों की सूझबूझ और तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे आग आसपास की दुकानों तक नहीं फैल सकी। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

मंदिर चौक में बायीं तरफ खड़े होकर ग्रीन सिग्नल का इंतजार कर रहे वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के अति व्यस्ततम मंदिर चौक में वाहन चालकों को लगातार गलत दिशा में खड़े होकर सिग्नल के ग्रीन होने का इंतजार करते देखा जा रहा है।

गलत तरीके से सिग्नल पर खड़े इन वाहन चालकों के कारण बायीं ओर मुड़कर जाने वाले अन्य वाहन चालकों को अनावश्यक खड़ा होना पड़ रहा है। इस दौरान लगातार वाद-विवाद की स्थिति भी निर्मित हो रही है। शहर के कई अन्य सिग्नलों में भी यातायात व्यवस्था की यही हालत है। बायीं दिशा केवल आवागमन के लिए होने की जानकारी होने के बाद भी वाहन चालक लगातार गलत दिशा में खड़े होकर व्यवस्था खराब कर रहे हैं। वर्तमान में त्योहारी सीजन होने के कारण वैसे भी शहर के यातायात में भारी बढ़ोतरी हो रही है, जिससे लगातार जाम की स्थिति भी निर्मित हो रही है।



किराए के मकान से लैपटाप पार, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। अज्ञात चोर ने किराए के मकान से लैपटॉप चोरी कर लिया है। प्रार्थी ने इसकी शिकायत सरकंडा थाने में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। औरदा थाना पुसौर जिला रायगढ़ निवासी छात्र सोमेश साव पिता गजेन्द्र कुमार साव वर्तमान में बंगालीपारा गली नं 3 में किराए के मकान में रहता है और सीएमडी कालेज में बीए की पढ़ाई कर रहा है। छात्र ने पुलिस को बताया कि 26 अक्टूबर की सुबह उसके बड़े रूम में आए थे और अपना लैपटॉप को कमरे के अंदर रख कर चले गए। इस दौरान 29 अक्टूबर को प्रार्थी ने लैपटॉप को चेक किया लेकिन बेग में लैपटॉप नहीं मिला। अज्ञात चोर ने रूम के अंदर रखे लैपटॉप की चोरी कर ली है। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लिया है।





मिलावट की आशंका, 4 दुकानों में छापामारी

बिलासपुर। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिल सके, इसे लेकर फूड एंड सेफ्टी विभाग ने शहर के 4 दुकानों में छा पा मा र कार्रवाई की है। अभिहित अधिकारी के निर्देशन में संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया है।

- बेसन के लड्डू और गुलाब जामुन जब्त

टीम ने जरहाभाठा स्थित बंगाल स्वीट्स में सघन निरीक्षण किया किया और गुणवत्ता की पुष्टि के लिए



बेसन लड्डू और बूंदी लड्डू का आधिकारिक नमूना लिया है। इसके साथ ही साई सुपर मार्केट का भी निरीक्षण किया। लूज शक्कर तथा इंस्टेंट मिक्स गुलाब जामुन के नमूने जांच लिए गए है। अभियान के तहत कुल 4 अन्य फर्मों का भी निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। खाद्य विभाग की कार्रवाई से शहर के खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

एयरपोर्ट में लेखापाल पद की चयन सूची जारी

बिलासपुर। बिलासपुर एयरपोर्ट में संविदा आधार पर लेखापाल के एक अनारक्षित पद पर भर्ती के लिए साक्षात्कार उपरांत चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी की गई है। चयन सूची में रायपुर के शिवानंद नगर, विनायक गार्डन निवासी सुश्री पूजा बाई मानकर पिता अनिल मानकर का चयन किया गया है। प्रतीक्षा सूची में बिलासपुर के मंगला स्थित शुभम विहार निवासी सुश्री ट्विंकल मौर्य, कोरबा के जमनीपाली दर्री पुष्प पल्लव कॉलोनी ओमेश पटेल तथा बिलासपुर के परसदा निवासी सुश्री ज्योति साहू के नाम शामिल हैं।

निधन

उर्मिला डेनियल



बिलासपुर। बाबजी रेसीडेंसी शुभम विहार निवासी उर्मिला डेनियल का 30 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 31 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे सिंधी कालोनी कब्रिस्तान में किया जाएगा। वे विजय कुमार डेनियल की पत्नी, विकास एवं विपुल डेनियल की माता थीं।

जानकी बाई ठाकुर



बिलासपुर। तखतपुर वार्ड क्रमांक 3 निवासी जानकी बाई ठाकुर का 30 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार तखतपुर मुक्तिधाम में 31 अक्टूबर को सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे श्रवण सिंह ठाकुर, शिव ठाकुर, राजू ठाकुर, श्याम ठाकुर, चीकू ठाकुर की मां थीं।

तारादेवी केडिया



बिलासपुर। रामावर्ड, होटल ईरा निवासी तारादेवी केडिया का निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 31 अक्टूबर को 3 बजे, उनके निवास रामावर्ड से भारतीय नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे जगदीश केडिया की पत्नी, संदीप केडिया की माता थीं।

निर्मला देवी गुप्ता



बिलासपुर। सदर बाजार निवासी निर्मला देवी गुप्ता का 30 अक्टूबर को निधन हो गया । उनकी अंतिम यात्रा 31 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे उनके निवास एकता भवन वसंत साड़ी सेंटर के पीछे से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्वर्गीय विक्रमादित्य गुप्ता की पत्नी सुधीर गुप्ता एवं सौमित्र गुप्ता की माता थीं।

हरि प्रसाद तिवारी



बिलासपुर। कुदुदंड माता चौरा निवासी हरि प्रसाद तिवारी का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 31 अक्टूबर को किया जाएगा।

सोन बाई तिवारी



बिलासपुर। मस्तूरी निवासी सोन बाई तिवारी का निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 29 अक्टूबर को मस्तूरी स्थित मुक्ति धाम में किया गया। वे स्वर्गीय नीलकंठ तिवारी की पत्नी, प्रकाश चंद्र तिवारी की दादी थीं।

नीलिमा गुप्ता



बिलासपुर। सिटी कोतवाली के पीछे नव दुर्गा मंदिर के सामने तेलीपारा निवासी नीलिमा गुप्ता का 30 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 31 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे वे स्वर्गीय हरि प्रसाद गुप्ता की पत्नी, हिमांशु गुप्ता, शुभांशु गुप्ता की माता थीं।

शिव शर्मा



बिलासपुर। ब्राह्मण (महामाया) पारा वार्ड नंबर 03 निवासी शिव शर्मा लोरमी वाले का 30 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 51 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सुबह 11 बजे लोरमी महामाया पारा के मुक्तिधाम में किया किया गया। वे राम प्रसाद शर्मा के पुत्र व पंडित वैद्य सुशील शर्मा के दामाद एवं अखिल, अविनाश शर्मा के पिता थे।

झुकुलाल डहरिया



बोदरी। ग्राम झल्फा निवासी सेवानिवृत्त प्रधान पाठक झुकुलाल डहरिया का निधन हो गया है। वे राजू डहरिया, नारायण डहरिया, स्व. परस डहरिया के पिता एवं राजेन्द्र डहरिया (पत्रकार) के बड़े पिता थे।

सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों से अवैध वसूली पर जताई नाराजगी

गुणवत्ता और समय-सीमा पर नहीं होगा कोई समझौता : अटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ करगीरोड कोटा

विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में तेजी लाने, शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा आम जनता की समस्याओं के निराकरण को लेकर माननीय विधायक अटल श्रीवास्तव ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विधायक ने विगत वर्षों में हुए कार्यों, वर्तमान में प्रगतिरत निर्माण कार्यों तथा प्रस्तावित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की विधायक अटल श्रीवास्तव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा पर किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्यों में लापरवाही, घटिया सामग्री के उपयोग अथवा अनावश्यक विलंब की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों की जवाबदेही तय की जाएगी।

विधायक श्री श्रीवास्तव ने अधिकारियों से कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और विकास कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर काम करें तथा समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का समयबद्ध पालन सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में कोटा एसडीएम मती सीमा रात्रे, जनपद अध्यक्ष सूरज साधे लाल भारद्वाज, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण त्रिवेदी, विधायक प्रतिनिधि आदित्य दीक्षित, शिवदत्त पाण्डेय, कुलवंत सिंह, प्रतीक त्रिवेदी, सुभाष अग्रवाल, प्रकाश जायसवाल, फूलचंद अग्रहरि पार्षद, जब्बार खान, कान्हा गुप्ता, रिंकू दीक्षित संजू चौहान अजय चौहान देवेंद्र कश्यप राम गंधर्व सहित जनपद सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



कोटा नगर क्षेत्र में प्रस्तावित कोल वाशरी को लेकर जताई चिंता

कोटा नगर क्षेत्र में प्रस्तावित कोल वाशरी के संबंध में विधायक अटल वास्तव ने कहा कि किसी भी औद्योगिक परियोजना से पहले उसके पर्यावरण, स्वास्थ्य, जलस्रोतों और आम नागरिकों के जनजीवन पर पड़ने वाले प्रभावों का गंभीरता से आकलन होना चाहिए। स्थानीय जनता और जनप्रतिनिधियों की सहमति एवं चिंताओं को नजरअंदाज कर कोई निर्णय नहीं लिया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कोटा क्षेत्र की जनता और जनप्रतिनिधि कोल वाशरी के पक्ष में नहीं हैं और इससे उनके जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है, तो इसे खोलने का निर्णय स्वीकार्य नहीं होगा। क्षेत्र के पर्यावरण, नागरिकों के स्वास्थ्य और जनहित से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

जनपद पंचायत में अवैध वसूली पर जताई नाराजगी

बैठक में जनपद पंचायत के बाबू एवं कर्मचारियों द्वारा सरपंचों तथा जनप्रतिनिधियों से कथित रूप से की जा रही अवैध वसूली का मुद्दा प्रमुखता से उठा। विधायक ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को अपने पंचायत संबंधी कार्यों के लिए अनावश्यक परेशान करना और उनसे किसी भी प्रकार की अवैध राशि की मांग करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसी शिकायतों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। सरपंचों और जनप्रतिनिधियों के कार्य सम्मानपूर्वक एवं नियमानुसार किए जाएं।

स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था सुधारने के निर्देश

स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति में सुधार जरूरी है। अस्पतालों में डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपलब्धता, दवाइयों, जांच सुविधाओं और मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित निगरानी की जाए। आम नागरिकों को इलाज के लिए भटकना न पड़े, यह विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

सड़कों का निर्माण शीघ्र और गुणवत्ता के साथ हो

विधायक ने क्षेत्र की सड़कों की स्थिति एवं निर्माणाधीन सड़कों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधूरे सड़क निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण किया जाए। जनता को आवागमन में हो रही परेशानी दूर करना प्राथमिकता होनी चाहिए।

पेड़ कटाई की जांच करने गए बीट गार्ड से मारपीट, वर्दी फाड़ी



गौरेला। मरवाही वनमंडल के अंतर्गत गौरेला वन परिक्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात वन विभाग के बीट गार्ड के साथ मारपीट, गाली-गलौज और अभद्रता का मामला सामने आया है। घटना के दौरान वनकर्मी की वर्दी फाड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अंधियारखोर बीट में पदस्थ बीट गार्ड सूर्यकांत रात्रे को दर्री निवासी रुद्र माझी द्वारा क्षेत्र में पेड़ एवं लकड़ी कटाई की सूचना दी गई थी। सूचना मिलने पर बीट गार्ड सूर्यकांत रात्रे मौके पर पहुंचकर मामले की जांच एवं तस्दीक करने लगे। जांच के दौरान उन्हें पता चला कि जिस भूमि पर पेड़ कटाई की शिकायत की जा रही थी, वह राजस्व विभाग की भूमि है। इस पर उन्होंने शिकायतकर्ता को संबंधित मामले में एसडीएम के समक्ष शिकायत करने की सलाह दी। बताया जा रहा है कि बीट गार्ड की इस सलाह से नाराज होकर रुद्र माझी ने उनके साथ विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते विवाद हाथापाई और मारपीट में बदल गया। आरोप है कि आरोपी ने बीट गार्ड के साथ गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करते हुए उनकी वर्दी भी फाड़ दी। घटना के दौरान किसी व्यक्ति ने वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना के बाद पीड़ित बीट गार्ड की शिकायत पर गौरेला थाने में आरोपी रुद्र माझी, निवासी दर्री, के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

एफआईआर दर्ज

अंधियारखोर क्षेत्र में बीट गार्ड सूर्यकांत रात्रे के साथ मारपीट की घटना हुई है। आरोपी के विरुद्ध गाली-गलौज, मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा, शासकीय सेवक पर हमला तथा एससी/एसटी एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच हो रही है।

सौरभ सिंह, थाना प्रभारी

पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन का समर्थन



पेंड्रा। पटवारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल को समर्थन देते हुए छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने आंदोलन के समर्थन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ एस मरावी अपने कार्यकारिणी सदस्यों के साथ हड़ताल स्थल पर पहुंचे और पटवारियों की मांगों को जायज बताते हुए पूर्ण समर्थन दिया। इस दौरान राजस्व पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष धीरज पांडेय एवं जनार्दन मंडल ने बताया कि पटवारी लंबे समय से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, लेकिन बार-बार ज्ञापन देने और अधिकारियों से चर्चा करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। इसी कारण पटवारियों को अनिश्चितकालीन हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा है। पटवारी संघ की प्रमुख मांगों में पटवारी संवर्ग से राजस्व निरीक्षक पद पर विभागीय पदोन्नति, वेतन विसंगति का निराकरण, पी वी ऐप को बंद कर संबंधित जिम्मेदारों पर कार्रवाई तथा पटवारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई को निरस्त करना शामिल है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पटवारी संवर्ग में पदोन्नति की समस्या पिछले 8 से 10 वर्षों से लंबित है। संगठन की ओर से लगातार ज्ञापन और बातचीत के माध्यम से शासन-प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाई जाती रही है, लेकिन अब तक ठोस परिणाम सामने नहीं आया है।

बेमौसम बारिश से किसानों को आर्थिक नुकसान, सरकार से मुआवजे की मांग

तखतपुर। अर्नब तुफान के कारण हुई बारिश से कई किसानों की फसलें चौपट हो गई है और उनके सामने आर्थिक और भरण पोषण की समस्या आ खड़ी हुई है। पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में बदली के साथ हुई झमाझम बारिश ने किसानों के ऊपर कहर बरपा दिया है। ठीक धान की कटाई के समय हुई इस बारिश ने पूरी फसलों को चौपट कर दिया है। एक तरफ किसान बहुत खुश थे कि अब फसल पककर तैयार है और उनके परिश्रम का फल मिलने वाला है। लेकिन दो दिन पहले हुई मौसम परिवर्तन ने उनके उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। ग्राम पूरा के किसान देवी साहू ने बताया कि उसके खेत में लगे धान का पूरा फसल तैयार



थी और इन दो दिनों में तेज हवा की झोंका से फसल जमींन पर आ गई और पानी भर जाने से पूरे फसल के खराब होने की अंदेशा है और देवी साहू ने कहा कि फसल के खराब हो जाने से उन्हें दोहरी मार पड़ी है, एक तरफ तो खाने के लिए चिंता हो गई है, दूसरी तरफ आर्थिक मुश्किलें भी आ गई है। देवी साहू ने मांग किया है कि फसल की भरपाई के लिए शासन मुआवजा दे ताकि उसे इस परेशानी से राहत मिल सके।

फसल नुकसान का सर्वे कराकर किसानों को जल्द मुआवजा दिलाने की मांग

मल्हार। चक्रवात अर्नब के प्रभाव से हुई बेमौसम बारिश के कारण किसानों की फसलों को हुए नुकसान को लेकर जनपद सदस्य ज्वाला प्रसाद बंजारे ने मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया एवं संबंधित विभागों को पत्र लिखकर पूरे मस्तूरी क्षेत्र के प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है, जहां बड़ी संख्या में किसान धान की खेती-किसानी पर निर्भर हैं। चक्रवात के कारण हुई भारी बारिश से किसानों की फसलों को गंभीर क्षति पहुंची है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।



बंद रेलवे काउंटर को पुनः खोलने की मांग पर तोखन ने दी सहमति

मुंगेली। बंद मुंगेली रेलवे काउंटर जल्द ही पुनः प्रारंभ होंगे। लोकसभा सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने व्यापारियों की मांग पर सहमति जताते हुए एक–दो दिन में रेलवे काउंटर खुलने की बात कही। व्यापारियों ने केंद्रीय राज्य मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।

जिले की नई कार्यकारिणी बनने के बाद होटल पुनीत में कैट की प्रथम बैठक हुई। जिसमें जीएसटी से लेकर मुंगेली में व्यापारियों को हो रही समस्याओं का अधिक से अधिक सुलझाने के प्रयास में बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से बहुत दिनों से बंद मुंगेली रेलवे काउंटर को पुनः खोलने हेतु बिलासपुर लोकसभा सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से बात कर रेलवे काउंटर को पुनः खोलने हेतु मांग किया गया और केंद्रीय राज्य मंत्री ने तुरंत बात कर खुलने के सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए एक–दो दिन में खुलने की बात कही। केंद्रीय राज्य मंत्री के इस प्रयास से मुंगेली व्यापारियों एवं नगरवासियों एवं गांव से आ रहे सभी संबंधित लोगों को काफी राहत मिलने पूरी संभावना है। कैट के पदाधिकारियों ने केंद्रीय राज्य मंत्री को धन्यवाद प्रेषित किया। कैट के प्रथम बैठक में मुख्य रूप से कैट संरक्षक जेठमल कोटडिया, चेयरमेन प्रवीण वैष्णव, स्वतंत्र मिश्रा, कैट के सलाहकार अनूप जैन, सागर सोलंकी, कैट के अध्यक्ष अरविंद केशरवानी, कैट के उपाध्यक्ष सुदीप ताम्रकार, कोषाध्यक्ष प्रांजल जैन, रवि पौराणिक, चंपालाल सुथार एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

शराब के नशे में नाली में गिरा युवक, मौत

तखतपुर। शराब के नशे में युवक नाली में गिर गया और उसकी अस्पताल ले जाने के समय मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

गुमशुदा

श्री गणपति देवांगन, उम्र लगभग 37 वर्ष,कद 5 फीट 6 इंच, रंग सावला, हुलिया सिर मुंडा हुआ निवासी उदय चौक, जूना बिलासपुर (छ.ग.), दिनांक 26 अक्टूबर 2026 दिन सोमवार समय लगभग दोपहर 12 बजे से गोलबाजार बिलासपुर क्षेत्र से लापता हैं। वे काले रंग की शर्ट एवं जीन्स पहने हुए है।



यदि किसी व्यक्ति को इनके संबंध में कोई जानकारी प्राप्त हो, तो कृपया निकटतम पुलिस थाना अथवा नीचे लिखे मोबाइल नंबर पर तत्काल संपर्क करें: सूचना देने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा।

मो.: 8319223773, 9827168611

चकरभाठा चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रथम अध्यक्ष बने अशोक

चकरभाठा। चैंबर ऑफ कॉमर्स ने चकरभाठा क्षेत्र में संगठन को नई दिशा देने के लिए अशोक जोतवानी को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। चकरभाठा में यह पहली बार है, जब चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गई है। इस नई जिम्मेदारी के साथ क्षेत्र के व्यापारियों के बीच संगठनात्मक गतिविधियों को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। चकरभाठा में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद अशोक जोतवानी ने प्रदेश अध्यक्ष सतीश धौरानी, जिला अध्यक्ष भागचंद बजाज सहित चैंबर ऑफ कॉमर्स की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे। क्षेत्र के व्यापारियों की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। कार्यक्रम के बाद समाज के मुखी, सुरेश फौटानी, कन्हैया मोटवानी, दीपक बकतानी, सुनील सिरवानी, गौतम जोटवानी परदेसी ध्रुवंशी राधेश्याम नथनी तारा इलेक्ट्रिकल विनोद कलवानी राजू पेशवानी आदि शामिल थे।



गरबा देखने गए युवक की बाइक पार, मामला दर्ज



तखतपुर। सड़क किनारे खड़ी दूपहिया वाहन को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनकपुर रोड़ निवासी मनोज दास मानिकपुरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 16 अक्टूबर की रात 10 बजे उसका पुत्र अविनाश दूपहिया वाहन क्रमांक सीजी 10 बीएच 8298 से गरबा देखने गया हुआ था और जब रात 1 बजे आकर देखा तो दूपहिया वाहन वहां से गायब था। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

राज्य स्तरीय वॉलीबॉल चयन ट्रायल में 150 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

पेंड्रा। जिला वॉलीबॉल संघ द्वारा 21वीं सीनियर राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए 28 अक्टूबर को चयन ट्रायल आयोजित किया गया। इसमें जिले के लगभग 150 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों के खेल कौशल और प्रदर्शन के आधार पर महिला एवं पुरुष वर्ग की टीम का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

21वीं सीनियर राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 15 नवंबर तक रायगढ़ जिले के लारा में किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले की टीम बेहतर प्रदर्शन कर सके, इसके लिए चयनित सभी पुरुष खिलाड़ियों के प्रशिक्षण हेतु पेंड्रा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। चयन ट्रायल के दौरान चयनकर्ता के रूप में रितेश सिंह, नागेन्द्र सिंह एवं योगेश बिसेन उपस्थित रहे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए महिला वर्ग में रिया नेताम, चाहत सोनकर, पूजा श्याम, कृष्णा पवार, बबीता ध्रुव, तानिया यादव, अनुराधा पटेल, हेमलता पटेल, पूजा साहू, पल्लवी, समीक्षा पवार एवं किरण का चयन किया गया है। वहीं, संजना खुसरो और प्रीति यादव को रिजर्व खिलाड़ी के रूप में रखा गया है। पुरुष वर्ग में अमन खुराना, अभिषेक साहू, अनमोल तिवारी, नितेश भगत, रामकृष्ण गौतम, देवेंद्र नोनिया, चंद्रप्रकाश सूर्यवंशी, निखिल मेहरा, वंश सोनी, राजकुमार बारले, जलेश्वर एवं अनुराग का चयन किया गया है।



न्यायालय नायब तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक/क/ना.तह. / वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 22/10/2026

एतद्वारा ग्राम भरारी के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम भरारी, प.ह.नं. 19 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 1268 रकबा 0.0970 हेक्टेयर भूमि पर छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के अंतर्गत बसरा संशोधन किये जाने के लिए आवेदक श्री हरप्रसाद पिता स्व. बुधराम, निवासी भरारी तहसील व. जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 6/11/2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनाँक 22/10/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
सूचना
क्र/क/ रा.नि./2026
जूना बिलासपुर दिनांक 27/10/ 2026

प्रति,
1. सुधाकर निम्बकराव 2. रामजी लाल 3. बेचैन सिंह 4. खुनुवा 5.संबंधित अन्य (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज आवेदक के बताए अनुसार)

विषय:- सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।
संदर्भ:-न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/तह./वाचक/2026 बिलासपुर दिनांक

आवदेक सुशीला पति मोतीराम एवं अन्य निवासी मुंगेली के द्वारा ग्राम जरहाभाटा प.ह.नं. 38 रा.नि. मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला द्वारा बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 125/4 रकबा 0.0200 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 06/11/26 को समय 11-50 pm बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

टीप-1-आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2-विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
//ईश्तहार//
ई.कोर्ट क्रं. 202610250200017/ अ-6/2026-27
ग्राम पंडरभटठा प.ह.नं. 48

एतद् द्वारा ग्राम पंडरभट्ठा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिसौनी बाई पति शिवकुमार जाति तेली निवासी ग्राम पंडरभठा, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पंडरभठा, प.ह.नं. 48 स्थित भूमि ख.नं. 112/7, 112/8, 112/27 कुल रकबा 1.185 है का पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 02/11/26 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
मुंगेली

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्रीमती सुनीता गोरख पति श्री अनिल कुमार गोरख निवासी वार्ड नम्बर 33, शिव मंदिर के पास, दयालबन्द, बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत होकर तथा उनके निर्देशानुसार निम्न आशय की सूचना प्रकाशित करवा रहा हूँ कि मौजा सिरगिट्टी प.ह.नं. 37 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 655/7 शीट नम्बर 21, प्लॉट नम्बर 20/3 रकबा 1203 वर्गफुट भूमि को मेरे पक्षकार द्वारा श्री मनोज कुमार सिंह पिता स्व. श्री रवि प्रताप सिंह से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 25.03.2014 को क्रय किया था जो कि उपपंजीयक कार्यालय बिलासपुर के ग्रंथ क्रमांक 24344, दस्तावेज क्रमांक 6439 में दर्ज है। जिसके पूर्व की रजिस्ट्री जो कि मनोज कुमार सिंह पिता स्व. श्री रवि प्रताप सिंह द्वारा विक्रेता पंचराम पिता कपिल साहू से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 11.08.2006 को क्रय किया गया था जो कि उपपंजीयक कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.) के ग्रंथ क्रमांक 13255, दस्तावेज क्रमांक 1911 में दर्ज है। मेरे पक्षकार से रख रखाव के दौरान कहीं गुम हो गया है जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट मेरे पक्षकार द्वारा थाना सिरगिट्टी में दिनांक 29.10.2026 को दर्ज करा दी गई है।

अतः उपरोक्त गुम हुए विक्रय पत्र के संबंध में किसी सरकारी, गैर सरकारी बैंक, वित्तीय संस्था अथवा व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में आकर दर्ज करा सकते हैं।

सो सूचना जानें।
दिनाँकः 30/10/2026
बैकुण्ठनाथ श्रीवास्तव
(अधिवक्ता)
निवासः सुभाष नगर, बिलासपुर (छ.ग.)
मोबा.नं. 9907936803

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
क्रमांक/क/अति.तह. / वा./20
बिलासपुर, दिनांक 26/10/26

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम खमतराई प.ह.न. 25 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका शैलेन्द्र कुमार यादव पिता/पति मालिकराम यादव निवासी ग्राम चांटीडीह तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर के द्वारा प.ह.न. 25 मौजा खमतराई स्थित भूमि ख.नं.. 754/2, 755 रकबा 0.08, 0.45. एकड़/हे. भूमि को आवेदक द्वारा इस न्यायालय मे छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत वसीयत नामांतरण/ फौती नामांतरण/क्रय विक्रय/दानपत्र के आधार पर किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 10/11/26 11:00 बजे उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/10/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

सार्वजनिक सूचना
M/s SUNRISE BUILDCONS की पार्टनरशिप डीड में संशोधन के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि M/s SUNRISE BUILDCONS, जिसका प्रमुख व्यवसाय स्थल प्लॉट नं. 02, शांति नगर, गौरव पथ, रिंग रोड नं. 02, सिद्ध शिखर अपार्टमेंट के पास, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ – 495001 में स्थित है, की मूल पार्टनरशिप डीड दिनांक 11 जुलाई 2024 में दिनांक 26 अक्टूबर 2026 से संशोधन किया गया है। उक्त संशोधन के अंतर्गत श्री संजय कुमार जैन को फर्म में नए पार्टनर के रूप में सम्मिलित किया गया है, जिन्हें फर्म के लाभ एवं हानि में 25% की हिस्सेदारी प्राप्त होगी। संशोधित पार्टनरशिप डीड के अनुसार फर्म के सभी पार्टनरों के लाभ एवं हानि का अनुपात निम्नानुसार निर्धारित किया गया है:

1. श्रीमती नेहा सिंह राजपूत – 36% 2. श्री संजय सिंह राजपूत – 25% 3. श्रीमती रंजना सिंह – 14% 4. श्री संजय कुमार जैन – 25%

उक्त संशोधन के पश्चात फर्म का व्यवसाय संशोधित पार्टनरशिप डीड में वर्णित नियमों एवं शर्तों के अनुसार संचालित किया जाएगा। मूल पार्टनरशिप डीड की अन्य शर्तें, जो संशोधित नहीं की गई हैं, यथावत प्रभावी रहेंगी।

अतः सर्वसाधारण, समस्त ग्राहकों, व्यापारिक संस्थानों, बैंक एवं संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे उपरोक्त संशोधन को अपने अभिलेखों में दर्ज करें तथा भविष्य में फर्म से संबंधित व्यवहार संशोधित पार्टनरशिप डीड के अनुसार करें।

पार्टनर M/s SUNRISE BUILDCONS
बिलासपुर, छत्तीसगढ़

**न्यायालय पंजीयक

BNI BILASPUR SOUTH

बिलासपुर के व्यावसायिक इतिहास में

एक ऐतिहासिक आयोजन

HISTORY IN THE MAKING!

BILASPUR'S BIGGEST BUSINESS CONCLAVE & TRANING SESSION...

DCT REAL ESTATE DEVELOPERS | 40 Years Fuelling the Nation, Greening the Future | Coal India SECL South Eastern Coalfields Limited

PRESENT

NEXT LEVEL NETWORK TO NETWORTH... | 2.0

31 ST OCT 2026

KEYNOTE SESSION (SATURDAY)



दोपहर 2:00 से 5:00 बिजनेस कॉन्क्लेव | शाम 5:00 से 8:00 ट्रेनिंग सत्र

होटल चावला ग्रीन्स
मोपका, बिलासपुर (छ.ग.)

Hurry Limited Seats!

POWERED BY : UNITY HOSPITAL, ARPA RIVER VALLEY INTERNATIONAL SCHOOL, PRAYAS GROUP OF INSTITUTIONS

CO-SPONSOR : Gaurav Hospital ईमानदार कोशिश....हमेशा !, DHANLAXMI ACP WORKS, CHOUKSEY GROUP OF COLLEGES

डॉ. उज्जवल पाटनी

बिजनेस कोच । ट्रेनर । स्पीकर

“देश के जाने-माने बिजनेस कोच, उद्यमियों, युवा पेशेवरों और प्रबंधन विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र, जो आपको व्यावसायिक कौशल, लीडरशिप और ग्रोथ माइंडसेट विकसित करने में मदद करेगा।”

बिलासपुर का सबसे बड़ा व्यावसायिक ट्रेनिंग सेशन

जहाँ आप सीखेंगे और पाएंगे सफलता के नए अवसर...

- व्यवसाय में तेजी से विकास
- सफलता के नए रास्तों की खोज
- महिलाओं और युवा उद्यमियों के लिए विशेष मार्ग दर्शन
- मजबूत और भरोसेमंद नेटवर्क
- नए व्यावसायिक अवसर
- अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मंच

SUPPORTED BY : Anuja Shankar Mobile Shopee, Gifteria Corporate Gifts & more..., Food Guru (A Unit Of) Sanjha Chulha, The Blooming Lens Photography, Travel Zone, Rudram Fitness, Resilience Soft Dream Comes True, Shivam Ad. Agency & Publicity, Vijay Advertisers & Consultancy, TCB, Flex Printer Advertiser, CarRelation Finance | Sale Purchase | Exchange | Insurance, Radio Orange 91.1 FM

अन्य सहयोगी संस्थाये : CAIT, CREDAI Bilaspur, Bilaspur Sarafa Association BSA, जिला उद्योग संघ, CETA

BNI BILASPUR SOUTH से जुडिए और पाएं

- बड़ी मार्केटिंग टीम
- कोई प्रतियोगिता नहीं (1 व्यक्ति, 1 एक श्रेणी)
- लगातार रेफरल का स्त्रोत
- विश्वस्तरीय बिजनेस प्रशिक्षण
- दीर्घकालिक और सार्थकक संबंध

SCAN TO KNOW MORE ABOUT BNI

SCAN TO BOOK YOUR SEAT

#MGR Advt.

SPECIAL DISCOUNT FOR STUDENTS AND WOMEN ENTREPRENEURS

CALL FOR REGISTRATION : 8103718666, 9893056088

COME CONNECT COLLABORATE

16 वर्षों से आपकी सेवा में

श्री खाटू श्याम ज्योतिष



जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष सामाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



ज्योतिष के माध्यम से जीवन की सही दिशा

समस्याएँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों,
समाधान हमेशा संभव है...

मनमोहनी स्पेशलिष्ट

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं.रविकांत शर्मा
पं.एस.के. शास्त्री



खाटू श्याम जी की असीम कृपा से
"हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान














क्यों चुनें हमें ?

- 16 वर्षों का अनुभव
- सटीक एवं सरल समाधान
- गोपनीयता की पूर्ण गारंटी
- व्यक्तिगत मार्गदर्शन
- श्रद्धा और विश्वास पर आधारित सेवा

ऑफिस आने पर मात्र ₹101

PAYMENT QR CODE

फोन से परामर्श मात्र ₹251

हमारी प्रमुख सेवाएं

- **जन्म कुंडली विश्लेषण** — व्यक्तित्व, करियर, विवाह, संतान
- **वैवाहिक जीवन** — विवाह में आ रही बाधाएँ, वैवाहिक सुख
- **करियर एवं व्यवसाय** — नौकरी, व्यापार, विदेश योग
- **धन एवं समृद्धि** — आर्थिक स्थिति, निवेश, लाभ
- **संतान योग** — संतान प्राप्त, संतान सुख
- **वास्तु शास्त्र** — घर, दुकान, ऑफिस की ऊर्जा
- **हस्तरेखा विज्ञान** — जीवन की संभावनाएँ, भविष्य संकेत
- **प्रश्न कुंडली** — तत्काल समाधान, सही दिशा

बुकिंग के लिए संपर्क करें:
+91 747 067 4060

पोलसाय पारा चौक,
स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र:- पं. रविकांत शर्मा एवं
पं. एस. के शास्त्री: +91 9755964567

नोट : मिलने के लिए अपॉईंटमेंट लेना आवश्यक है। असुविधा से बचने के लिए अपॉईंटमेंट लेकर ही मिलें। | Follow us on: shree_khatushyam_jyotish | हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

खबर संक्षेप

37 वर्षों की शासकीय सेवा के बाद एसडीओ डाहिरे सेवानिवृत्त



पथरिया। जल संसाधन विभाग पथरिया में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी एसडीओ कुमार डाहिरे के सम्मान में शुक्रवार को नगर मुख्यालय स्थित विभागीय कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। सभी ने श्री डाहिरे के लंबे सेवाकाल और विभाग के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। श्री कुमार डाहिरे ने अपने 37 वर्षों के शासकीय सेवाकाल में 21 वर्ष पथरिया क्षेत्र में रहकर अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों के साथ क्षेत्र में जल संसाधन से जुड़े कार्यों के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर एसडीओ कुमार डाहिरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासकीय सेवा का 37 वर्षों का सफर उनके जीवन का महत्वपूर्ण अनुभव रहा है। यहां के अधिकारी-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों एवं आम नागरिकों से उन्हें हमेशा सहयोग और स्नेह मिला।

शिक्षक- शुकदेव को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि



रतनपुर। कला, साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रतनपुर निवासी राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक एवं वरिष्ठ साहित्यकार शुकदेव कश्यप को थावे विद्यापीठ, गोपालगंज बिहार द्वारा विद्या वाचस्पति पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान सामाजिक कार्यों, पुस्तक लेखन, साहित्य सेवा, संपादन, कविता-कहानी लेखन, आकाशवाणी से रचनाओं के प्रसारण, पर्यावरण संरक्षण, वृहद पौधरोपण, गायत्री मंदिर के जीर्णोद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका तथा स्वच्छता अभियान सहित कला एवं संस्कृति के उत्थान में उनके योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान समारोह 25 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर हरिद्वार के कनखल स्थित परमार्थ विद्या मंदिर में आयोजित किया गया। समारोह में थावे विद्यापीठ के कुलाधिपति महामंडलेश्वर डॉ हरिहरानंद महाराज, कुलपति डॉ विनय कुमार पाठक एवं कुलसचिव डॉ पी एस दयाल यति के करकमलों से शुकदेव कश्यप को मानद उपाधि प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। शुकदेव कश्यप वर्तमान में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानीबछाली, विकासखंड कोटा में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ हैं। वे पिछले 35 वर्षों से शिक्षा के साथ-साथ साहित्य सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हैं। इससे पूर्व भी उन्हें रेवा रत्न, शिक्षक गौरव सम्मान, पर्यावरण मित्र सम्मान सहित कई प्रदेश स्तरीय सम्मानों से नवाजा जा चुका है।

सतनामी समाज के लोगो ने डिप्टी सीएम साव से की मुलाकात



लोरमी। डिंडोरी के सतनामी समाज के प्रमुख सदस्य, वरिष्ठ एवं युवाओं द्वारा विधायक एवं छत्तीसगढ़ के शासन में उपमुख्यमंत्री अरुण साव से जनपद उपाध्यक्ष राजेन्द्र साहू के नेतृत्व में मुलाकात की। उनके स्वास्थ्य के विषय में जानकारी ली एवं अतिशीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राजेन्द्र साहू, बुधवा राम भास्कर, मानिक राम, राम कुमार डिण्डौरे, अमृत जागडे, पुनेश्वर बंजारा, संजय बंजारा, श्याम भास्कर, राजेश चेलकर, नारायण भास्कर, परदेशी बंजारा सहित अन्य शामिल रहे।

शिक्षक- साहित्यकार दिनेश को डॉक्टरेट की मानद उपाधि



मल्हार। थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार द्वारा मल्हार निवासी राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक व वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश पांडेय को विद्या वाचस्पति पी एच डी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह उपाधि उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में किए गए शोध कार्यों, उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों पुस्तक लेखन, साहित्य सेवा, संपादन,,कविता कहानी आकाशवाणी से प्रसारण, राष्ट्रीय कार्यक्रम योग शिविर संचालन,पर्यावरण संरक्षण वृहद वृक्षारोपण,रतनपुर गायत्री मंदिर के जीर्णोद्धार में प्रमुख भूमिका, स्वच्छता अभियान, शिक्षा नवाचार आदि कला संस्कृति के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान की गई। यह सम्मान समारोह हरिद्वार के कनखल स्थित परमार्थ विद्या मंदिर में शरद पूर्णिमा पर आयोजित किया गया, जहां विद्यापीठ के कुलाधिपति महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 डॉक्टर हरिहरानंद महाराज, कुलपति डॉक्टर विनय कुमार पाठक व कुल सचिव डॉक्टर पी एस दयाल यति के कर कमलो से मानद उपाधि पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान की गई।

महिलाओं व किशोरियों ने किया सुआ नृत्य, लोकगीतों से नई फसल का स्वागत



लोरमी। दीपावली त्योहार से पहले शहर के रामहेपुर एवं तुलसाघाट क्षेत्र के छोटे बच्चों की विभिन्न टोलिया सूआ नृत्य करने घरों घर दस्तक दे रही है। यह बच्चे अलग-अलग ग्रुप में बंटकर सुआ नृत्य का प्रदर्शन करते है और उत्साह के साथ सुआ गीत गाकर कला का प्रदर्शन करती है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष टोलिया निकलते हैं, जो दीपावली तक सुआ गीत गाकर अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। छत्तीसगढ़ में महिलाओं और किशोरियों द्वारा सुआ नृत्य और गीत मुख्य रूप से नई फसल धान के आने की खुशी मनाने, अपनी आंतरिक भावनाओं को व्यक्त करते है। इस लोकनृत्य और गीत के पीछे निम्नलिखित प्रमुख धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कारण है। यह नृत्य दीपावली के आसपास शुरू होता है, जो छत्तीसगढ़ में धान की कटाई का समय होता है।

विभिन्न उत्पादों का स्टाल लगाएंगे देशभर से आए व्यापारी

डिप्टी सीएम साव ने किया मुंगेली व्यापार मेले के ब्रॉशर का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 'मुंगेली व्यापार मेला–2026' के ब्रॉशर का विमोचन किया। सात दिवसीय यह मेला 27 नवंबर से 3 दिसंबर तक आयोजित होगा। इस अवसर पर स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी मुंगेली के प्रतिनिधिमंडल ने न्यू सर्किट हाउस में उप मुख्यमंत्री श्री साव से सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें मेले का आमंत्रण पत्र सौंपते हुए उद्घाटन समारोह में शामिल होने का आग्रह किया। इस पर श्री साव ने कार्यक्रम में उपस्थित होने का आश्वासन देते हुए आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। ब्रॉशर विमोचन के अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक रामपाल सिंह ठाकुर, सह–संयोजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, सचिव विनोद यादव सहित सूरज मंगलानी, मुकेश पांडेय, सुनील वाधवानी, कोमल चौबे, संदीप सिंह एवं राहुल मल्लाह उपस्थित रहे। लगातार दस वर्षों की सफल यात्र पूरी कर चुका 'मुंगेली व्यापार मेला' आज जिले के साथ ही प्रदेश की पहचान और जन–आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन गया है। यह आयोजन व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के साथ स्थानीय उद्यमियों, लघु एवं कुटीर उद्योगों, महिला स्व–सहायता समूहों तथा नए व्यवसायियों को अपने उत्पादों और प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर रहा है। इस वर्ष मेले में देशभर के विभिन्न उत्पादों के साथ हस्तशिल्प, टेराकोटा, खादी एवं ग्रामोद्योग, बस्तर आर्ट, महिला गृह उद्योग, हर्बल उत्पाद, इलेक्ट्रानिक्स, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ऑटोमोबाइल और लघु–कुटीर उद्योगों से जुड़े आकर्षक स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने वाले स्टॉल भी मेले का हिस्सा होंगे। व्यापारिक गतिविधियों के साथ मेले में प्रतिदिन शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य अभियंता ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय सिंह ने जिले के प्रवास के दौरान विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने लंबित एवं अपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने और निर्धारित लक्ष्यों की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

विभागीय कार्यालय में आयोजित बैठक में मुख्य अभियंता संजय सिंह ने 'हर घर जल' के लक्ष्य की दिशा में हुई प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्यों में तेजी लाने पर बल दिया। उन्होंने सीआईआरपी के अनुरूप कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन कार्यों में विलंब हो रहा है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो और सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित समय–सीमा के अनुरूप कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करें। मुख्य अभियंता ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के मानकों का कड़ाई से पालन करने, कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा मैदानी स्तर पर प्रगति का सतत आकलन करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कार्यस्थलों का निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता और कार्यों की वास्तविक स्थिति पर नजर रखने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मुख्य अभियंता ने संबंधित ठेकेदारों के लंबित देयकों का नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करते हुए कार्यों की गति बनाए रखी जाए। अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति, लंबित कार्यों के शीघ्र निराकरण तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।



शंकर मंदिर में भक्तिभाव के साथ मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

मुंगेली। महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर नगर स्थित शंकर मंदिर में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ पूजा–अर्चना, वंदना एवं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने महर्षि वाल्मीकि जी का स्मरण किया तथा उनके आदर्शों, विचारों एवं उपदेशों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गुलाबचंद उपाध्याय, विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष पुहुपराम साहू, आकाश सोनी, नर्मदा सिंह राजपूत, डॉ राजीव सिंह ठाकुर, कृष्ण कुमार दीक्षित, मोहन उपाध्याय, बुद्धेश्वर उपाध्याय, बीरबल सोनकर, अजय तिवारी, दयाचंद उपाध्याय, अश्वनी उपाध्याय, विजय चौबे, विजयगोपाल साहू, पीतांबर सिंह ठाकुर, जानवी ठाकुर, श्रेया पाण्डेय, श्रीयांशी पाण्डेय, देवांशी पाण्डेय, विजय बाघमार रितेश पाण्डेय सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने महर्षि वाल्मीकि जी की पूजा–अर्चना एवं वंदना कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि के नाम से जाना जाता है। उन्होंने विश्वप्रसिद्ध महाकाव्य रामायण की रचना की।

मिश्रीदेवी स्कूल में लगी ब्लाक स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी

गौरेला। नगर पालिका परिषद गौरेला के अंतर्गत मिश्रीदेवी विद्यालय में विकासखंड स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद गौरेला की उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा शामिल हुईं। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ कर विभिन्न विद्यालयों से आए बाल वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किए गए विज्ञान आधारित मॉडलों एवं नवाचारों का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद गौरेला की उपाध्यक्ष रोशनी शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन को सरल, सुगम और बेहतर बनाने का माध्यम है। बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी बच्चों की कल्पनाशीलता, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को अभिव्यक्त करने का एक सशक्त मंच है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी, पार्षद मनोज विश्वकर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता तापस शर्मा एवं विद्यालय की प्राचार्य उषा शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए तथा कार्यक्रम का संचालन शोभा पाठक ने किया। इस अवसर पर शिक्षक रमेश प्रधान, विवेक तिवारी, अरविंद पांडेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक गण, छात्र छात्राए मौजूद रहें।



शहरी पीएससी में स्वास्थ्य शिविर 200 से अधिक मरीजों ने लिया लाभ

मुंगेली। आम नागरिकों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 200 से अधिक मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच एवं उपचार का लाभ लिया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में मरीजों की विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। शिविर में नोडल अधिकारी डॉ मनीष बंजारे, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ एम के राय, एमडी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ विजेन्द्र पाटले तथा डॉ हर्षा राय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। चिकित्सकों ने मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी। शिविर में सर्दी, खांसी, बुखार एवं अन्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों के साथ शुगर (मधुमेह) की जांच, कान–नाक–गला संबंधी समस्याओं तथा गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही टीकाकरण संबंधी सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।



सेवानिवृत्त सात शासकीय सेवकों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

गौरेला। कलेक्टर विजय दयाराम के ने शुक्रवार को कलेक्टरेट के अरपा सभा कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में अधिवर्षिकी आयु पूर्ण कर शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले सात शासकीय सेवकों को सम्मानित किया। उन्होंने सभी का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया तथा शॉल, श्रीफल एवं पीपीओ-जीपीओ प्रमाण पत्र प्रदान किए। कलेक्टर ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को जीवन की नई पारी के लिए बधाई देते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की। समारोह में स्वास्थ्य विभाग गौरेला की आरएचओ सुशीला रजक, लोक निर्माण विभाग गौरेला के स्थल सहायक बद्री प्रसाद शुक्ला, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गौरेला अंतर्गत प्रधान पाठक शंखराम राठौर एवं गोपाल प्रसाद कौशिक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निमधा के व्याख्याता लखनलाल राजवाड़े, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरकारीपारा के व्याख्याता जमुना प्रसाद केंवर्त तथा कन्या विद्यालय मरवाही की प्राचार्य प्रीति श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी, जिला कोषालय अधिकारी धनेंद्र सोनी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



बैठक में एड्स नियंत्रण पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



जिले में एचआईवी संक्रमण एवं क्षय रोग (टीबी) की रोकथाम, समय पर पहचान, उपचार की निरंतरता और जनजागरूकता को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय एड्स एवं एसटीडी नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय एचआईवी–टीबी समन्वय एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार जिला क्षय नियंत्रण केंद्र में आयोजित इस बैठक में अप्रैल 2026 से सितंबर 2026 तक संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा वार्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ श्रीकेश गुप्ता ने बताया कि बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने, विभागीय समन्वय बढ़ाने तथा एचआईवी एवं सिफलिस की जांच और उपचार सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में निर्देशित किया गया कि जिले में पंजीकृत प्रत्येक गर्भवती माता की एचआईवी एवं सिफलिस जांच अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। साथ ही जांच से संबंधित समस्त जानकारी विकासखंड स्तर पर एचआईएमएस पोर्टल में नियमित रूप से दर्ज की जाए। इसके लिए सभी संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए, ताकि कोई भी गर्भवती माता जांच से वंचित न रहे और आवश्यकता पड़ने पर समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा सके। जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ सुदेश रात्रे ने बताया कि जिले के तीनों विकासखंडों में एचआईवी की दवा लेना छोड़ चुके मरीजों की गोपनीयता बनाए रखते हुए पहचान करने तथा उन्हें पुनः उपचार से जोड़ने की प्रगति की समीक्षा की गई। ऐसे मरीजों को एआरटी केंद्र, बिलासपुर में पुनः लिंक कराने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान मरीजों की निजता, सम्मान और गोपनीयता बनाए रखने को विशेष महत्व दिया गया।

जिले के चार स्काउट–गाइड एवं रेंजर राज्यपाल पुरस्कार से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित राज्यपाल पुरस्कार 2025 प्रमाण पत्र वितरण एवं अलंकरण समारोह में मुंगेली जिले के चार स्काउट–गाइड एवं रेंजर को सम्मानित किया। समारोह 29 अक्टूबर को रायपुर स्थित लोकभवन के दरबार हॉल में आयोजित किया गया।

समारोह में राज्यपाल रमन डेका, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, सचिव शिक्षा कमल प्रीत सिंह ने सम्मानित किया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी पत्र में जिले से चयनित चार प्रतिभागियों के नाम एवं उनकी संस्थाओं का उल्लेख किया गया है। राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित प्रतिभागियों में दीपक कश्यप पिता देवदत्त कश्यप, शासकीय प्राथमिक शाला लालपुर कला, स्वाति दिवाकर पिता रज्जू दिवाकर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगेली, कीर्ति पाटले पिता प्रमोद नारायण पाटले, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगेली, रानी लक्ष्मीबाई रेंजर टीम, कुमारी भुवनेश्वरी यादव, एस एल एस एकेडमिक स्कूल, मुंगेली, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगेली के प्राचार्य कृष्ण कुमार नवरंग ने गाइड स्वाति दिवाकर एवं रेंजर कीर्ति पाटले सहित सभी को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि स्काउट–गाइड गतिविधियाँ विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, सेवा भावना तथा राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठा विकसित करती हैं। राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त करना इन गुणों और निरंतर परिश्रम का महत्वपूर्ण सम्मान है। प्राचार्य ने कहा कि मुंगेली जिले के प्रतिभागियों की यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है।

रकबा घटने और गलत फसल दर्ज होने पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

ऐग्रीस्टेक पोर्टल की तकनीकी समस्याओं से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मरवाही



शासन का ऐग्रीस्टेक पोर्टल जिसमें किसानों के भूमि एवं फसल संबंधी जानकारी इंद्राज रहती है, वो धीरे धीरे किसानों के लिए सरदर्द बनते जा रही है। साथ ही पटवारी की हड़ताल एवं तहसीलदार के अन्य प्रसासनिक कार्य मे व्यस्त रहने से तहसील में नही बैठने से किसानों को अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिसके चलते शुक्रवार को आय किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी मरवाही को संयुक्त रूप से आवेदन दिया है।

गौरतलब हो कि पिछले वर्ष सहकारी समिति में पंजीकृत किसान जिन्होंने ऐग्रीस्टेक पोर्टल में भूमि का खसरा नम्बर एवं रकबा फसल विवरण दर्ज कराकर धान बिक्री की थी उनका भी धनहा रकबा या तो पूरा हटा दिया गया या आधा खसरा हटा दिया गया है। इसी प्रकार कुछ किसान नवीन पंजीयन कराने के लिए तहसील के चक्कर लगा रहे है। इसी प्रकार बहुत किसान ऐसे है जिन्होंने धान की फसल लगाई है, फसल विवरण में अन्य फसल दिखा रहा है जिसकी जानकारी किसानों को होती है तो वे सी एस सी सेंटर एवं तहसील कार्यलय पहुंचते है। किसान टेकराम का कहना है कि वे पिछले साल 10 खसरे नम्बर में धान बिक्री किए थे पर इस साल बहुत से खसरे नम्बर उनके ऐग्रीस्टेक पोर्टल से ऑटोमेटिक हट गए। जिसे वे सी एस सी सेंटर में जाकर इंद्राज कराया तो है जिसे पिछले 15 दिनों से तहसीलदार ने एप्रूभ नही किया है। इसी प्रकार राजडीह के किसान भूरे सिंग ने बताया कि ख़ न 307/28, 4 में वे धान की खेती किए है, ऑनलाइन अन्य फसल दिखा रहा है। इस तरह सैकड़ो की संख्या में किसान अपनी धान की फसल बेचने के लिए शासन के इस तकनीकी मकड़जाल को देखकर बहुत चिंतित है।

छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक बने भास्कर



मुंगेली। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक के पद पर निर्वाचित हुए बिन्दु भास्कर हुए। इस निर्वाचन अधिकारी प्रदेश छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारी पवन कुमार शर्मा, रोहित तिवारी, सुनील कौशिक एवं अश्विनी चलेक के उपस्थित में निर्वाचित हुए।

जिला संयोजक पद पर निर्वाचित होना मतलब तहसील अध्यक्ष से जिला सचिव एवं जिला अध्यक्ष पद पर रहना सभी केडर के आन्दोलन में उपस्थित होकर समर्थन देना, प्रत्येक कर्मचारियों के समस्याओं पर तत्पर रहना। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला संयोजक के पद पर निर्वाचित होने पर हर्ष व्यक्त हुए जिला सचिव कृष्ण कुमार वर्मा, जिला प्रवक्ता फूलचंद यादव, तहसील अध्यक्ष डीएल भास्कर, लोरमी तहसील अध्यक्ष पीला राम दिवाकर, भूपेंद्र घृतलहरे, भूपेंद्र बंजारा, अरविंद पाण्डेय, जेपी साहू, अंगद यादव उपस्थित थे।